

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,मंगलवार 10 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-163 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एनडीए में टूट का विपक्ष का सपना कभी पूरा नहीं होगा: चिराग

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** केंद्र सरकार में होने के बावजूद मोदी सरकार के लिए कई मुद्दों पर मुसीबत खड़ी करने वाले लोजपा (रामविलास पासवान) पार्टी के मुखिया चिराग पासवान अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी के मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। बिहार विस चुनाव को लेकर चिराग ने बड़ा दावा किया है। इस दावे ने बीजेपी के लिए टेंशन बढ़ा दी है। साथ ही NDA में टूट की खबरों के बीच लोजपा प्रमुख ने बड़ा दावा किया है। चिराग पासवान ने बेगूसराय के मटिहानी में बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के अपने विजन को दोहराया। साथ ही एनडीए में टूट की संभावना पर जवाब दिया। विपक्ष के एनडीए में टूट के सवाल पर मीडिया से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष का यह सपना धरा का धरा रह जाएगा। विपक्ष का यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ है और हम मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत होगी। हम लोग 2025 विधानसभा के साथ 2029 लोकसभा चुनाव में चौथी बार जीत का परचम लहराएंगे। एनडीए की सरकार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनेगी।

### सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी वर्तमान में गंभीर स्थिति में हैं और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में हैं। उनकी सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ है। पार्टी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि वह श्वसन सहायता पर हैं। डॉक्टरों की एक बहु-विषयक टीम उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, जो इस समय गंभीर है। बता दें कि 72 साल के येचुरी को निमोनिया जैसे सीने में संक्रमण के इलाज के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। इससे पहले, नेता ने उपचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई थी लेकिन वह निगरानी में थे। गुरुवार को खबर आई थी कि तबीयत बिगड़ने के बाद सीताराम येचुरी को अस्पताल में वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। एक पारिवारिक सूत्र ने कहा कि उनका एम्स में इलाज जारी है, जहां उन्हें फेफड़ों के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की एक टीम उनकी हालत पर नजर रख रही है. येचुरी की हाल ही में मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी।

### मैं राहुल गांधी को अदालत में घसीटूंगा आरपी सिंह

**नई दिल्ली,10सितंबर।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में सिखों का उदाहरण देते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर अपनी टिप्पणी से राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। सोमवार को वर्जीनिया के हर्नडन में एक कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, (भारत में) लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या सिखों को पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी...क्या सिखों को कड़ा पहनने या गुरुद्वारा जाने की अनुमति दी जाएगी। लड़ाई इसी बात को लेकर है और यह सिर्फ़ सिखों के लिए नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है÷।

गांधी की सिखों पर टिप्पणी की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी आलोचना की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा, 1984 में दिल्ली में 3,000 सिखों का कत्लेआम किया गया, उनकी पगड़ियाँ उतार दी गईं, उनके बाल काट दिए गए और उनकी दाढ़ी मुंडवा दी गई। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सब तब हुआ जब कांग्रेस सत्ता में थी।

# मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता: राहुल गांधी

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में कहा था मैं इसे स्वतंत्र चुनाव के रूप में नहीं देखता हूं। मैं इसे नियंत्रित चुनाव के रूप में देखता हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता। लेकिन कभी-कभी मुझे मोदी के प्रति सहानुभूति महसूस होती है। मुझे नहीं लगता कि बीजेपी निष्पक्ष चुनाव में 246 के करीब होगी। उन्हें भारी वित्तीय लाभ हुआ था। उन्होंने हमारे बैंक खाते बंद कर दिए थे। चुनाव आयोग वही कर रहा था जो वे चाहते थे। पूरा अभियान इस तरह से डिजाइन किया गया था नरेंद्र मोदी ने देश भर में अपना काम किया, जिन राज्यों में यह कमजोर था, वहां अन्य राज्यों की तुलना में एक अलग संरचना थी। चुनाव से पहले, हमने इस विचार पर जोर दिया था कि आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली पर कब्जा कर लिया है। इसने मीडिया और जांच एजेंसियों पर कब्जा कर लिया है। हम यह कहते रहे लेकिन लोग इसे समझ नहीं पाएज् मैंने संविधान को आगे रखना शुरू कर दिया। संविधान की रक्षा करने वाले और उसे नष्ट करने वाले गरीबों को समझ आ गया कि ये संविधान बनाने वालों की लड़ाई है। जाति जनगणना का मुद्दा भी बड़ा हो गया। ये बातें अचानक एक साथ आने लगीं। राहुल गांधी ने वाशिंगटन में कहा 'मैं नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता मैं उनकी बात से सहमत नहीं हूं लेकिन मैं उनसे नफरत नहीं करता, मैं कई बार उनसे सहानुभूति रखता हूं। मुझे विश्वास है कि हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे'' बीजेपी के खिलाफ. दो-तीन महीने में हम चुनाव जीत जाएंगे।



### मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे राहुल गांधी

इसी बीच कांग्रेस सांसद का सोशल मीडिया पर एक लड़की के साथ फोटो वायरल हुआ है। दोनों एयरपोर्ट पर खड़े दिख रहे हैं। फोटो वायरल होने के साथ ही सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। अमेरिका से लेकर भारत तक हर कोई यही जानने में कांग्रेस सांसद इस तस्वीर में हरे रंग की टीशर्ट पहने थे, जबकि उनके साथ एयरपोर्ट के बाहर दिखी महिला ब्राउन कलर का टॉप पहने दिख रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फोटो के सामने के कुछ ही देर बाद यह तेजी से वायरल होने लगा और लोग पूछने लगे कि महिला कौन हैं? कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत ने साफ किया कि राहुल गांधी के साथ नजर आई महिला कौन है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, आप बेवकूफ हैं। तस्वीर में राहुल गांधी के साथ उनके बचपन के दोस्त अमिताभ दुबे हैं, जबकि नजर आईं महिला उनकी पत्नी अमूल्य हैं।

# विदेशी धरती पर देश की छवि खराब कर रहे राहुल गांधी: शिवराज

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अमेरिका में दिए गए उनके बयानों को लेकर हमला बोला और कहा कि विदेशी धरती पर इस तरह से देश की छवि खराब करना 'राष्ट्र-विरोधी' कृत्य है. रविवार (8 सितंबर 2024) को डलास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय राजनीति से प्रेम, सम्मान और विनम्रता गायब है. राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी आलोचना करते हुए कहा कि वह मानता है कि भारत एक विचार है. डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान गांधी ने भारत में विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि भारत, अमेरिका और पश्चिम के अन्य देश बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं, जबकि चीन में ऐसा नहीं है क्योंकि वह वैश्विक उत्पादन पर हावी है. डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान गांधी ने भारत में विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि भारत, अमेरिका और पश्चिम के अन्य देश बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं, जबकि चीन में ऐसा नहीं है क्योंकि वह वैश्विक उत्पादन पर हावी है.शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से कहा, ''राहुल गांधी (लोकसभा में) विपक्ष के नेता हैं और विपक्ष का नेता देश के प्रति जवाबदेह हैं. विदेश में देश की छवि खराब करना राष्ट्र विरोधी कृत्य है और कोई भी देशभक्त ऐसे कृत्यों में लिप्त नहीं होता.'' केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के लोकसभा चुनाव हारने से राहुल गांधी हताश हैं और अपनी हताशा को बेबुनियाद तरीके से व्यक्त कर रहे हैं. चौहान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लाखों कार्यकर्ता तैयार किए हैं, जिन्होंने अपना जीवन भारत के लिए समर्पित कर दिया है. केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, 'जब मैं मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते अमेरिका गया था, तो मुझसे पूछा गया था कि क्या भारतीय प्रधानमंत्री कमतर हैं. उस समय मैंने जवाब दिया था कि भारत का प्रधानमंत्री कभी भी कमतर नहीं हो सकता.' राहुल की इस टिप्पणी की भी आलोचना की जिसमें भारत में सबकुछ 'मेड इन चाइना' होने की बात कही गई थी. उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देश के कुशल कार्यबल का अपमान करने के समान हैं. पहले भी ऐसा होता था जब बहुत कम चीजें आयात की जाती थीं. अब भी देश में जरूरत के हिसाब से बहुत कम चीजें आयात की जाती हैं. भारत के कुशल श्रमिक और कर्मचारी स्वदेशी तरीके से बहुत सी चीजें बना रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी उनका अपमान कर रहे हैं. राहुल की जड़ें भारत की मिट्टी से जुड़ी नहीं हैं. उनका भारतीय लोगों, उनकी संस्कृति और परंपराओं से कोई लेना-देना नहीं है.'' राहुल की इस टिप्पणी पर कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कोई भी नहीं डरता, चौहान ने कहा कि यह वास्तव में सच है 'क्योंकि लोग मोदी जी से प्यार करते हैं और इसीलिए उन्होंने उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है.'



# मणिपुर में हालात और बिगड़े

**इंफाल,10 सितंबर।** मणिपुर में हिंसा को देखते हुए राजधानी इंफाल समेत तीन जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीती रात महिलाओं ने ड्रोन हमले के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। वहीं समोवार को प्रदर्शनकारियों ने राजभवन पर पथराव कर दिया। बिगड़ती कानून व्यवस्था और हमलों को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम के अलावा थौबल में कर्फ्यू लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक इन जिलों में अनिश्चित काल तक के लिए कर्फ्यू लगाया गया है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिमी जिले में बीएनएसएस की धारा 162 (2) को लागू कर दिया गया है। डीएम के आदेश में कहा गया है कि जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से कर्फ्यू लगाया जा रहा है। अगले आदेश तक यह लागू रहेगा। जरूरी सेवाओं जैसे कि बिजली, कोर्ट, हेल्थ के साथ मीडिया को कर्फ्यू से छूट दी गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने के लिए स्टूडेंट्स बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने वाले हैं। ऐसे में तीन जिलों में प्रतिबंधों को लागू कर दिया गया। वहीं स्कूल और कॉलेजों के सैकड़ों छात्र पूरी रात ख्वारिमबांद मार्केट में रुके रहे। महिलाओं ने उन्हें कैंप लगाने के लिए जगह दी। सोमवार को हजारों छात्रों ने मणिपुर सचिवालय और राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया। हालिया हिंसा की घटनाओँ में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है और 12 से ज्यादा घायल हो गए हैं।

छात्रों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मुलाकात भी की थी। छात्रों के प्रतिनिधि ने बताया कि उन्होंने सरकार से छह मांगें रखी हैं। इसमें डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग भी शामिल है। वहीं छात्रों ने यूनीफाइड की कमांड भी राज्य सरकार को सौंपने की बात कही है। फिलहाल इसका जिम्मा सीआरपीएफ के डीजी कुलदीप सिंह के पास है।

कांगपोकपी जिले में दो हथियारबंद समूहों के बीच संघर्ष में फंस गई 46 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना रविवार रात को सुदूरवर्ती थांगबूह गांव में घटी। उन्होंने बताया कि गांव में कुछ मकानों में आग भी लगा दी गई जिससे स्थानीय लोगों को पास के जंगलों में शरण लेनी पड़ी।

# 53 गोवंश को बूचड़खाने जाने से बचाया, तीन वाहन राजसात

**बिलासपुर,10 सितंबर।** बिलासपुर पुलिस मवेशी तस्करी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में हिर्री, तखतपुर और बिल्हा थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से मवेशियों को बूचड़खाने ले जाते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को जब्त किया गया. वहीं पुलिस ने वाहनों में ठूंस-ठूंसकर भरे गए 53 मवेशियों का रेस्क्यू किया है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मवेशी तस्करी में जिन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की है.



उसमें हिर्री पुलिस ने ट्रक सीजी 28 एन 1840 से 20 मवेशियों को बूचड़खाने ले जाते हुए पकड़ा. इसके अलावा, तखतपुर थाना में पिकअप वाहन सीजी10 बीजे 9265 से 20 मवेशियों को और बिल्हा थाना क्षेत्र में आयसर वाहन टीएस 07-यूएन 4166 से 13 मवेशियों को अवैध रूप से बूचड़खाने ले जाते हुए पकड़ा गया. इन सभी वाहनों में मवेशियों को अमानवीय तरीके से रस्सियों से बांधकर, बिना चारे-पानी की व्यवस्था के, ठूंस-ठूंस कर भरकर ले जाया जा रहा था. मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई. मवेशियों को सुरक्षित गौशाला भेजा गया और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

### ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में इस अभिनेत्री व कोरियोग्राफर पर शिकंजा

**गुवाहाटी ,10 सितंबर।** असम पुलिस ने असमिया अभिनेत्री-कोरियोग्राफर सुमी बोरा और उनके पति तारिक बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह करोड़ों रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इससे पहले पुलिस को आशंका थी कि सुमी बोरा और उनके पति मेघालय जाकर छिप गए होंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घोटाले के सरगना बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद यह दोनों नेपाल भाग गए।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**कवर्धा,10 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को सुबह ग्रामीणों द्वारा मोबाइल काल कर सूचना दी कि सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी क्षेत्र में लगातार बारिश होने से बाढ़ जैसी स्थिति आ गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी मिलते ही कलेक्टर जनमेजय महोबे के साथ सुबह ही ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी पहुंचकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में जाकर लोगों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित करने कलेक्टर को निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणजनों का



हालचाल जाना और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने लोगों की कठिनाइयों को समझते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को राहत पहुंचाने और सुरक्षा के लिए विष्णुदेव सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कर नियमानुसार कारवाही करने के निर्देश दिए ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द सर्वेक्षण पूरा करें ताकि बाढ़ से प्रभावित एवं क्षति का आंकलन हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार राहत सामग्री की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से सर्वेक्षण कार्य करें और आवश्यक राहत सामग्री की तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

# जब रेलवे स्टेशन में गुम हुए केंद्रीय मंत्री के जीजा जी

## रेल मंत्रालय तक मचा हड़कंप,आरपीएफ ने ढूंढ निकाला

**रायपुर,10 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की आरपीएफ में तब हड़कंप मच गया जब केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्रालय में आरपीएफ अधिकारियों को अपने जीजा के गुम होने की सूचना दी. आनन-फानन में पूरे जोन में हड़कंप मच गया और बिलासपुर से लेकर नागपुर रेल मंडल तक तमाम आरपीएफ के अधिकारियों को ये मैसेज आग की तरह फैला, मानो आरपीएफ का पूरा सिस्टम हिल गया. हुआ कुछ यूं कि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के रिश्तेदार राजेश कुमार साहू जो रिश्ते में उनके जीजा जी लगते है वो परिवार के साथ राजधानी एक्सप्रेस से बिलासपुर आ रहे थे. गोंदिया रेलवे स्टेशन में वे पानी की बोतल लेने उतरे. तभी दूसरे प्लेटफार्म में इंटरसिटी एक्सप्रेस भी पहुंच गई. इसी दौरान राजधानी एक्सप्रेस छूट गई और वे गलती से इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ गए. इसी बीच उनके स्वजन ने जब देखा कि राजेश ट्रेन में नहीं हैं तो उन्होंने तत्काल केंद्रीय मंत्री को इसकी सूचना दे दी. केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्रालय में इसकी सूचना दे दी और वहां से जोन के उच्च पदस्थ आरपीएफ के अधिकारियों को ये मैसेज मिला और वहां से आग की तरह मैसेज वायरल हो गया और पूरे आरपीएफ में हड़कंप मच गया. इसी दौरान गोंदिया आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले. तब उन्हें पता चला कि वो इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़े है. उनके कपड़ों के आधार पर रायपुर आरपीएफ की टीम ने अपनी स्पेशल टीम से उन्हें खोजना शुरू किया. लेकिन रायपुर रेलवे स्टेशन तक यात्रियों की भीड़ के कारण उन्हें खोजा नहीं जा सका. इसके बाद ट्रेन जब तिल्दा पहुंची तब वे ट्रेन के अंदर मिले और इसके बाद आरपीएफ के अधिकारियों ने राहत की सास ली. पूछताछ के बाद उन्हें बिलासपुर लाया गया और अब जाकर ये बात सामने आई है.

### दुर्गा मंदिर के सामने गाड़ दिया इस्लामिक झंडा, झारखंड में तनाव

**धनबाद,10 सितंबर।** झारखंड के गिरिडीह में मंदिर के सामने इस्लामिक झंडा गाड़ने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया है। जिले के सरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है और इस्लामिक झंडे को हटा दिया गया है। तनाव के देखते हुए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। सरिया थाना क्षेत्र के केशवारी में दुर्गा मंडप के पास इस्लामिक झंडा गाड़ दिए जाने के कारण हिंदू समाज के लोगों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया है।

# काम करके दिखाए सरकार : भगत
# कांग्रेस अपने पांच साल का हिसाब दे: अनुराग





**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,10 सितंबर।** प्रधानपाठक के आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं. कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने इस राजनीति करार देते हुए कहा कि इन सबको को छोड़कर काम करके दिखाएं. इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पहले अपने पांच साल का हिसाब दे. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मोहम्मद अकबर पर मामला दर्ज किए जाने पर कहा कि कंप्लेंट, कार्रवाई, प्रताड़ना, सब राजनीति का हिस्सा है. इन सबको छोड़कर काम करके दिखाओ. बदला लेने के लिए 5 साल बचा है. दिखाने के लिए बहुत काम है. वहीं बीजेपी सदस्यता अभियान पर अमरजीत भगत ने कहा कि फेंकने की होड़ मची है कौन ज्यादा फेंकेगा, कोई 10 बोलेगा, कोई 20, कोई 40 बोलेगा. मिस्ड कॉल से कांग्रेस नेता को भी सदस्य बना दे रहे है. अब तो सरकारी कर्मचारी भी शाखा में जा सकते हैं. ऐसा आदेश निकल रहा है तो फिर कौन बचेगा.

वहीं अमरजीत भगत के आरोप और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर महिला कांग्रेस के सीएम हाउस के घेराव पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस 5 साल का हिसाब दे दे. कांग्रेस ने 5 साल में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाकर रखा था. पूरी जनता त्राहिमाम कर रखी थी उसका पहले हिसाब दे दें. वहीं भाजपा के सदस्यता अभियान को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में अभियान की समीक्षा होगी. संगठनात्मक विषयों पर आज बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा. सदस्यता अभियान को आगे सघनता से करने के लिए मार्गदर्शन मिलेगा.

**ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक खेल 2024, पेरिस, फ्रांस** jasclaudius@gmail.com

# भारतीय खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से सब हैरान

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

खेलों की दुनिया में हर खिलाड़ी चाहता है कि उसके देश का नाम आगे रहे। शारीरिक रूप से दिव्यांग प्रतिभागियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने एक स्पर्धा की शुरुआत 1960 में की जिसका सबसे नवीनतम संस्करण 28 अगस्त से 8 सितम्बर 2024 तक पेरिस, फ्रांस में सम्पन्न हुआ। रोम से 1960 में आरंभ इस प्रतियोगिता में कई फेरबदल हुए उसके पश्चात यह 17वां खेल आयोजन हुआ। ग्रीष्मकालन पैरालिंपिक खेलों के लिए 170 देशों के 4463 प्रतिभागियों ने 22 खेलों के 549 इवेंट में भाग लिया। चैंपियनशिप में भारत ने 12 खेलों के लिए 84 एथलीट को भेजा था। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत से 07 स्वर्ण, 09 रजत तथा 13 कांस्य पदक सहित 29 पदक पर कब्जा जमाया। हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने किसी एक दिव्यांग ओलंपिक खेलों में अब तक हासिल पदकों की तुलना में सबसे अधिक पदक जीते। इसके पहले भारतीय खिलाड़ियों ने 2020 टोक्यो जापान पैरालिंपिक में 19 पदक प्राप्त किया था। पेरिस में किए गए प्रदर्शन से भारतीय खेल जगत में हर्ष व्याप्त है। भारतीय दल में 84 खिलाड़ी शामिल



थे जिन्होंने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, तैराकी, जूडो, सायकलिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, पैराकेनोइंग, ताइक्वांडो, शक्तितोलन, नौकायन, निशानेबाजी खेलों में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इसमें एथलेटिक्स में 4 स्वर्ण, 6 रजत, सात कांस्य, बैडमिंटन में एक स्वर्ण, दो रजत, दो कांस्य, निशानेबाजी में एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य, जूडो एक कांस्य, तीरंदाजी एक स्वर्ण, एक कांस्य पदक भारतीयों ने जीता। 12 खेलों में से पांच खेलों में पदक लाकर हमारे देश में इन खिलाड़ियों ने भारत के किशोरों, युवाओं में खेल के प्रति दिलचस्पी को बढ़ा दिया है। 29 पदकों में से 6 स्वर्ण, आठ रजत, चार कांस्य पदक पुरुषों ने जबकि महिलाओं ने एक स्वर्ण, एक रजत, आठ कांस्य सहित 10 पदकों को हासिल किया। मिश्रित टीम ने एक कांस्य पदक जीता। भारत की प्रीति पाल एक ऐसी प्रतिभागी रही जिन्होंने एथलेटिक्स में दो कांस्य पदक क्रमशः 100 मी., 200 मी., टी-35 वर्ग में जीता। और एक ओलंपिक में एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। इन खिलाड़ियों को शारीरिक रूपसे अपनी कमजोरी का अहसास नहीं हुआ उन्होंने पुरानी बातों को छोड़कर अपना सारा ध्यान प्रतिस्पर्धा पर लगाया। इन खिलाड़ियों की कामयाबी आने वाले समय में भारत की अनेक प्रतिभाओं को सामने लायेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे देश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए जो प्रोत्साहन दिया जा रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। खेलकूद के लिए बजट की राशि लगातार बढ़ाई जा रही है। भारत सरकार का खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा उठाये गये कदम और खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को प्रदत्त मार्गदर्शन की वजह से ऐसे सकारात्मक परिणाम सचमुच स्वागत योग्य है।

# युवा सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य और जितेंद्र के जन्मदिन पर 46 युवाओं ने किया रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई, 10 सितंबर।** शौर्य युवा संगठन कोड़िया के सचिव आदित्य भारद्वाज एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो के संस्थापक जितेंद्र सोनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर गायत्री मन्दिर हॉल कोड़िया में मेगा रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 20 नए रक्तदाताओं सहित 46 युवाओं ने रक्तदान किया।शौर्य संगठन सचिव एवं आयोजक आदित्य भारद्वाज ने बताया कि उनके जन्मदिन को आध्यात्मिक एवं सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए शौर्य संगठन व कर्मवीर संगठन के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री महायज्ञ के माध्यम से जन्मदिवस संस्कार एवं अस्पतालों में बढ़ती रक्त की कमी को दूर करने युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने 41 वां रक्तदान, वित्तीय सलाहकार जितेंद्र सोनी ने 20वां, समाजसेवी सन्नी ने 21वां, छाया विधायक कामेश्वर साहू एवं गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ सदस्य युवराज साहू, मिडिल स्कूल गोरकापार हेडमास्टर खुमान सिंह भारद्वाज, प्राइमरी स्कूल कोकड़ी हेडमास्टर संदीप यादव, रुंगटा कॉलेज आर1 के सहायक प्राध्यापक सत्यवीर सिंह राठौर, आदित्य सिंह, आईटी इंजीनियर सोनू सिन्हा ने रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। साथ ही सांसद विजय बघेल ने फोन के माध्यम से व 120 बार रक्तदान कर चुके राज आढ़तिया, सेवक जन फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं 80 बार से ज्यादा रक्तदान कर चुके विकास जायसवाल, जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, नवभारत पत्रकार सुरेंद्र शर्मा, रुंगटा आर1 कॉलेज परीक्षा विभाग डीन ज्योति तिवारी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर योगेंद्र तिवारी ने कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदानियों का सम्मान कर मनोबल बढ़ाया एवं नेक कार्य करने के लिए बधाई दी।सभी रक्तदानियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं छाता भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्मेल न्यूट्रीशन सेंटर रिसाली के माध्यम से ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर सन्तुलित जीवनशैली अपनाने सलाह भी दी गई।120 बार रक्तदान कर चुके एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के अध्यक्ष राज आढ़तिया ने ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता को देखकर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा शौर्य संगठन सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक कर शिविर आयोजित करना सराहनीय प्रयास है। नियमित रक्तदान करने से हार्ट अटैक एवं कैंसर का खतरा कम हो जाता है यह जीवन बचाने वाला है। उन्होंने नेत्रदान एवं अंगदान करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए नेत्रदान करने की अपील भी की।सेवक जन फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं 80 बार से ज्यादा रक्तदान कर चुके विकास जायसवाल ने समाज में फैली भ्रांतियों का कटाक्ष करते हुए रक्तदान एवं नेत्रदान करने अपील की। कहा रक्तदान से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती जबकि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने आयोजकों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए नए युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आने पर बधाई दी कहा हर साल प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा यूनिट रक्त की कमी हो जाती है जिसे पूरा करने के लिए हम सभी का योगदान जरूरी है। रक्तदान करने से आत्मीय सन्तुष्टि का अनुभव होता है।कर्मवीर संगठन के संस्थापक एवं सह-आयोजक जितेंद्र सोनी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए सभी रक्तदानियों को नेक कार्य करने आगे आने के लिए बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किया। साथ आगे भी रक्तदान हेतु बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए निवेदन भी किया।रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शौर्य संगठन के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी पंकज दीपक, यादवेंद्र साहू, मृदुल निर्मल, पलक राठौर, हिमांशु भारद्वाज, रोहन भारद्वाज, गौरव साहू, टामेश्वरी भारद्वाज, किरण भारद्वाज, सरोजनी निषाद, सुमन निषाद, प्रकाश निषाद, आरती निषाद, गायत्री निषाद, लक्ष्मी निषाद, गुमिता साहू, ममता साहू, अंजू साहू, उमेंद्र, चिरंजीव निषाद, रवि साहू, ईशु साहू, तोपेन्द्र, आनंद, शुभम सोनी, केवल, ऋषि, सहित शौर्य युवा संगठन कोड़िया, कर्मवीर युवा संगठन कातरो एवं जयदीप ब्लड बैंक मोवा रायपुर स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर



### धोखाधडी, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**भिलाई, 10 सितंबर।** भिलाई शराब व्यापार मे पैसे लगाने पर अधिक मुनाफा देने का झांसा देकर 41.99 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र को भिलाई नगर पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है भिलाईनगर थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि शशिधर पाण्डेय निवासी सेक्टर-02 भिलाई दने 18 जुलाई को थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सतीश शुक्ला एवं सचिन शुक्ला निवासी एससीसीटी नेहरु नगर भोपाल मध्यप्रदेश ने शराब व्यापार मे पैसा लगाने पर अधिक मुनाफा देने के लिये अपने विश्वास मे लेकर प्रार्थी से 41 लाख 99 हजार रुपये लेकर पैसा वापस नही करने एवं व्यापार के मुनाफा के संबंध में कोई जानकारी नही देकर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट रिपोर्ट पर पुलिस मामले मेंआरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 34. 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। इस मामले में थाना भिलाई नगर पुलिस की टीम मध्यप्रदेश रवाना किया गया था आरोपी सतीश शुक्ला (48 साल), सचिन शुक्ला (25 साल) निवासी ग्राम आमा नौ डिया तहसील सिरमोर थाना सिरमोर जिला रीवा (मध्यप्रदेश), वर्तमान पता क्वाटर नं. डी 405 सागर ग्रीन हिल्स कोलार रोड भोपाल मध्यप्रदेश को जिला रायसेन से हिरासत मे लेकर थाना लाया जिससे पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लेनदेन करना स्वीकार करने पर अपना जुर्म कबूल किया दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है।

### ऋचा मिश्रा अब ट्रैफिक एएसपी

**भिलाई, 10 सितंबर।** भिलाई जिला पुलिस विभाग में सोमवार को बड़ा फेरबदल हुआ एडिशन एसपी रैंक की अधिकारी ऋचा मिश्रा को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है इस संबंध में दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने आदेश किया है आदेश के अनुसार अब तक एंटी साइबर एंड क्राइम यूनिट (एसीसीयू) एवं साइबर सेल की जिम्मेदारी निभाने वाली क्राइम एएसपी ऋचा मिश्रा को अब ट्रैफिक एएसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।



### जिले में अब तक 611.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**भिलाई, 10 सितंबर।** जिले में 01 जून से 10 सितंबर तक 611.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 971.8 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 433.1 मिमी धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 583.9 मिमी, तहसील बोरी में 471.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 586.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 619.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 10 सितंबर को तहसील दुर्ग में 60.0 मिमी, तहसील धमधा में 38.8 मिमी, तहसील पाटन में 70.0 मिमी, तहसील बोरी में 34.1 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 53.4 मिमी एवं तहसील अहिवारा में 50.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बृजेश का चयन मथुरा कैंप के लिए



**भिलाई, 10 सितंबर।** भिलाई के चित्रकार बृजेश तिवारी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले चित्रकला कैम्प मथुरा (उत्तर प्रदेश)के लिए हुआ है. ये तीन दिवसीय चित्रकला कैम्प दिनांक 10.09.2024 से 12.09.2024 तक मथुरा (वृन्दावन) में चलेगा. जिसमें विभिन्न राज्यों के 24 राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय चित्रकार पेंटिंग बनाएंगे।

### भारी बारिश से किसान खुश ,व्यापार मंदा

**साजा, 10 सितंबर।** साजा में भारी बारिश के कारण आज व्यापार फीका हो गया है लेकिन किसानों में खुशी की लहर है क्योंकि अच्छे धान की फसल में बारिश महत्वपूर्ण होता है तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए मंडल कोषाध्यक्ष धर्मचंद जैन ने कही ।

## कौन लड़ेगा नपाध्यक्ष चुनाव चर्चा जोरों पर, आरक्षण पर दावेदारों की टिकी निगाहें

**कवर्धा, 10 सितंबर।** कवर्धा नगर पालिका में उमंग पांडेय , मनोज शर्मा , श्रीकांत उपाध्याय , मनोज गुप्ता , राजकुमार तिवारी , मोहित महेश्वरी , अशोक सिंह ठाकुर , संतोष नामदेव , और महिलाओं में श्रीमती देव चंद्रवंशी और रानी मनोज दुबे और ओबीसी में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , , अध्यक्ष मनहरण , पवन जायसवाल , , देवा साहू , विजय पाली चुनाव लडेंगे नगरीय निकाय में अध्यक्ष का चुनाव ! जिसकी चर्चा सिग्नल चौक से लेकर भोजली तालाब और आफिस , चाय पीते पीते और पान दुकान में लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है । पूर्व शहर अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा की पार्टी जो निर्देश देगी उसका पालन किया जाएगा । कवर्धा जिला अध्यक्ष अशोक साहू और महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की निष्ठावान और जिताऊ प्रत्याशी को बीजेपी टिकट देगी । वैसे आरक्षण में क्या होगा सबकी निगाहें टिकी हुई है । बैनर पोस्टर को देखकर लोग कह रहे है की दावेदार हो सकते है और यदि आरक्षण में महिला आई तो कई दावेदारों की धर्मपत्नी भी दावेदार में शामिल हो सकती है ।

## अच्छी बारिश से धान की खेती करने वाले किसानों में खुशी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 सितंबर।** कबीरधाम जिले में कुछ गांवो में तरुण छत्तीसगढ़ ने धान की फसल का जायजा लिया तो बारिश से किसानों में खुशी की लहर देखी जा रही है खासकर धान की खेती करने वाले किसानों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है । धान की फसल लहलहाती हुई दिख रही है । कृषि उप संचालक अमित मोहंती ने कहा की अच्छी बारिश से धान की खेती करने वाले वालो के लिए अच्छा होता है और दौरा करने पर धान की फसल लहलहाती हुई देखी जा रही है । गन्ना में जहां पूर्व में कीट लगे थे वहां ड्रोन से छिड़काव किया गया था । किसानों को कोई भी समस्या होगी जिस पर गंभीरता से कृषि विभाग के सभी स्टाफ अच्छे से ध्यान दे जिस पर विशेष ध्यान रहता है । और किसानों को भी समय समय पर सलाह दी जाती है की जिससे अच्छी फसल हो । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने बताया की बहुत अच्छी धान की फसल हो रही है और भरेली के बलदाऊ चंद्रवंशी ( पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ) ने बताया की गांव में अच्छी धान की फसल होने से किसानों में बहुत खुशी है ।



## घर-घर में हो रही है गणेश भगवान की पूजा

**कवर्धा, 10 सितंबर।** कबीरधाम जिले में अधिकतर घरों में सुबह और शाम अगरबत्ती और दिया जलाकर गणेश भगवान की पूजा और आरती की जा रही है । गांव से लेकर शहर तक घरों और पांडलो में गणेश भगवान जी की पूजा करते हुए बच्चे , माता , पिता और पूरा परिवार गणेश जी की पूजा करते हुए देखे जा रहे है ।

## सहजयोगियों ने माता निर्मला देवी की गणेश स्वरूप में पूजा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 सितंबर।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्री गणेश पूजा महोत्सव 07 एवं 08 सितम्बर को भिलाई स्थित अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में रखी गई थी , जिसकी शुरुआत 7 सितम्बर की सुबह 10 बजे स्वागत एवम क्लीयरसेंस सेशन के साथ की गई, ततपश्चात शाम 4 बजे सामूहिकता द्वारा हवन एवम पूजन किया गया। सहजयोग पर देवी स्तुति , प्रार्थना और ध्यान के माध्यम से सामुहिक चेतना की अनुभूति का कार्यक्रम शाम 7 बजे तक लिया गया , फिर 7 बजे से रात 9 बजे तक सुंदर भजन एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें श्री गणेश जी के ऊपर आधारित प्रदेश भर से आए बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई।, वहाँ कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहजयोगी झूमते एवं नाचते नजर आए । 8 तारिक की सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन से श्री माताजी के श्रीचरणों की पालकी निकाली गई जिसमें राज्य के अलग अलग शहरों से आए सारे सहयोगियों द्वारा पुष्प बरसाते हुए झूमते नाचते गाते एवं जयकारा लगाते हुए पूरे हर्षोल्लास से भवन पहुंचे , जहां स्वागत भजन के साथ भवन में उपस्थित सहजयोगियों द्वारा बड़े ही आनन्द के साथ श्री माताजी के श्री चरणों की पालकी का स्वागत किया गया , ततपश्चात बालशक्ति के द्वारा श्री गणेश पूजा से शुरुआत की गई , फिर श्री माताजी निर्मला देवी जी की श्री गणेश स्वरूप में पूजा 108 नाम लेकर पूरे आनन्द के साथ किया गया , पूजा पश्चात बच्चों द्वारा भोग आरती भी किया गया । जिसमें मुख्य रूप प्रदेश समन्वयक जयंत हलदर , प्रदेश के सभी जिलों के समन्वयक , प्रदेश कमेटी के कमेटी मेम्बर एवं प्रदेश के अलग अलग जिलों और बोडला ब्लॉक से आए सभी सहजयोगी भाई एवं बहने शामिल हुए ।



कवर्धा। सारंगपुरकला में श्री गणेश भगवान की मूर्ति विराजित

## सभी गांवों, शहरों में सदस्यता अभियान चलाएंगे:हरीश कुर्रे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई, 10 सितंबर। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा दिनाँक दिन रविवार को खोपली में किया गया जोरदार संगठन विस्तार के लिए बैठक जिसमें गांव के युवा साथियों ने उत्साह से सदस्यता लिया और छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़ीया के प्रति काम करने में उत्साह दिखाया विधानसभा अध्यक्ष हरिश कुर्रे ने कहां की जैसे आज खोपली गांव के युवा साथियों ने सदस्यता लिया दुर्ग जिला के सभी गांवों व शहरों में सदस्यता अभियान चलायेंगे और गांव गांव जाकर छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना का उद्देश्य और काम बतायेंगे और सभी युवा को अपने हक अधिकार के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करेंगे 20 अक्टूबर को खोपली में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति स्थापना भी होना है और भव्य छत्तीसगढ़ी संस्कृति के झलक भी समस्त ग्राम वासियों को देखने को मिलेगा कर्मा पंथी ददरिया राउत नाचा अखाड़ा नवदुर्गा सुवा आदि की भव्यता रैली में शामिल रहेगा खोपली प्रभारीअध्यछ् पुरंजय साहू व सुरज साहू के नेतृत्व में होगा यह आयोजन*

### वार्षिक आमसभा 13 को

**उतई, 10 सितंबर।** देश के सबसे बड़े सहकारी समिति वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्या 0 उतई प0क्र0 101 का वार्षिक आम सभा व नवीन किसान कुटीर का लोकार्पण दिनांक 13/09/24 दिन शुक्रवार को स्थान धान उपार्जन उपकेन्द्र खोपली में समय दोप0 1.00 बजे क्षेत्रिय विधायक माननीय श्री ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, श्री फत्तेलाल वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्षता व सरपंच श्रीमति मंजू वर्मा , श्री पूकेस चन्दाकर , श्री सोनू राजपूत (महामंत्री )श्री शुभम वर्मा, श्री देवेन्द्र भारती, श्री संतोष साहू, श्री रमाकांत चंद्राकर ( बूथ अध्यक्ष) के विशेष आतिथ्य में रखी गयी है।



कवर्धा। ठाकुर पारा कवर्धा में अजय ठाकुर के घर में श्री गणेश जी की मूर्ति विराजित

## गांजा,ब्राउन शुगर सहित 6 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 10 सितंबर** भिलाई दुर्ग पुलिस की ओर से पिछले कई दिनों से संकल्प, एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान चलाई जा रही है. इस बीच लगातार पुलिस नशे के कारोबारियों के खिलाफ नकेल कस रही है. पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है ये है पहला मामला- पहला मामला वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है. यहां पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचने वालों को गिरफ्तार किया है. ये सभी पंजाब से ब्राउन शुगर लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की फिराक में थे आरोपियों के कब्जे से 11.60 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है.पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 5 आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया है ये सभी भिलाई के रहने वाले हैं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के मुताबिक मौके पर दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. दो अलग-अलग जगहों से कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है. दोनों मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है ये है दूसरा मामला- वहीं, दूसरे मामला नेवई थाना क्षेत्र का है नेवई पुलिस ने 2.800 किलोग्राम गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है. जब्त गांजे की कीमत 20 हजार बताई जा रही है. पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी रायपुर का रहने वाला है बता दें कि पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी रूप सिंह, भिलाई ,गुरजीत सिंह, भिलाई , राजा सिंह, भिलाई ,गगनदीप सिंह, भिलाई , प्रवीण दुबे, भिलाई, गोविन्द सिंह, रायपुर।

## हत्या के मामले में और दो को पुलिस ने पकड़ा







**भिलाई, 10 सितंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र साउंड सिस्टम पर नाचने को लेकर हुए विवाद के बाद शनिवार की रात को हुई तीन युवकों की हत्या में शामिल दो और आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इनमें एक अपचारी बालक भी शामिल है पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से एक आरोपित को जेल भेजा गया वहीं अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि ग्राम नंदिनी खुंदनी में वासु यादव करन यादव और राजेश यादव की हत्या की गई थी हत्याकांड के एक रात पहले शुक्रवार की रात को गणेश प्रतिमा लाते समय साउंड सिस्टम पर डांस करने के दौरान तीनों युवकों का पटेल पारा के लोगों से विवाद हो गया था इसके बाद वासु यादव करन यादव वेदराम उर्फ धन्नू यादव, राजेश यादव और करन पटेल पारा में विवाद का बदला लेने के लिए गए थे और आकाश पटेल नाम के युवक को चाकू मार दिया था। इसके बाद पटेल पारा के गुस्साए युवकों ने बांस, डंडे और गन्ने से पीट पीटकर करन, वासु और राजेश की हत्या कर दी थी पुलिस ने हत्याकांड में शामिल 15 लोगों को रविवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था वहीं आकाश पर चाकू से जानलेवा करने के मामले में वेदराम उर्फ धन्नू यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और पांचवां आरोपित करन फरार हो गया था जिसकी अभी तलाश जारी है पुलिस ने सोमवार को सामूहिक हत्याकांड के मामले में शामिल सोनू पटेल और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया पुलिस ने अब कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी कमला देवी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री-विधायक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी (72 वर्षीया) श्रीमती कमला देवी साहू का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान रविवार देर रात 12:00 बजे निधन हो गया था । वे लंबे समय से अस्वस्थ थी,सोमवार को गमगीन माहौल में उनके गृहग्राम पाऊवारा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। कमला देवी साहू को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री , पूर्व मंत्री,विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में परिजन शामिल हुए।भूपेश बघेल ने पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री ताम्रध्वज साहू जी की धर्मपत्नी, भाभी कमला देवी साहू जी के निधन पर दुख व्यक्त किया है. उनका जाना समाज, परिवार के लिए बड़ी छति है इस दुःख की घड़ी में ईश्वर समस्त परिवारजनों को आघात सहने की शक्ति दे, उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें.अंतिम संस्कार में हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज , पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम,दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्रकार,बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल,विधायक संदीप साहू,अहिवारा विधायक डोमन कोर्सवाडा,पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक लाभचंद बफाना,पूर्व बी. डी कुरैशी, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल,रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा,आर एन वर्मा, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू,उपाध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड केशव बंटी हरमुख,खुमान साव,डिकेंद्र हिरवानी,अध्यक्ष जनपद देवेंद्र देशमुख सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सरपंच गण, जनपद सदस्य गण, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण, साहू समाज के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में गणमान्यजन शामिल हुए।

# जैन धर्म में गलती मानने और क्षमा मांगने की महान परंपरा:मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री जैन समाज के सिद्धिशिखर विजय उत्सव में हुए शामिल

**रायपुर, 10 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जैन समाज द्वारा आयोजित सिद्धितपकी पूर्णहुति पर सिद्धिशिखर विजय उत्सव में बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जैन समाज में तपस्या की परंपरा है ऐसे तपस्या से छत्तीसगढ़ में खुशहाली आएगी और सुख-समृद्ध होगा। 11 साल के बेटे, 13 वर्ष की बेटी से लेकर 80 वर्ष की माता सहित कुल 114 तपस्वियों ने 44 दिन तक जैन परंपरा के अनुसार 4500 तरह के व्रत रखकर कठोर साधना की। जिनका आज हमने सम्मान किया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जैन समाज के संत-मुनि बिना चरण पादुका के हजारों मील पैदल यात्रा करते हैं। खान-पान का सयंम रखकर मानव समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म एक ऐसा धर्म है, जहां पर गलतियों को स्वीकार करने और क्षमा मांगने की महान परंपरा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रभु राम के ननिहाल और माता कौशल्या की पुण्य भूमि पर पधारे संतों के चरणों को शत-शत नमन करता हूं। छत्तीसगढ़ को उनका आशीर्वाद हमेशा से मिलते रहा है, मैं ऐसी कामना करता हूं कि उनके आशीर्वाद से प्रदेश में खुशहाली आए हर घर में सुख-समृद्धि रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को संतो का आर्शीवाद हमेशा से मिलता रहा है। संतों की प्रेरणा से यह आध्यात्मिक तपस्या संभव हुई। गुरूओं के आर्शीवाद से हमेशा ताकत और प्रेरणा मिलती रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रभु राम का ननिहाल हमेशा से शांति का टापू रहा है और यहां सुख-समृद्धि रहे ऐसी कामना है। ऐसे तपस्वी के बीच में आने का आज सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जैन समाज के तपस्वियों को बहुत-बहुत बधाई। श्री अग्रवाल ने कहा कि उनकी तपस्या से छत्तीसगढ़ की धर्मभूमि, कर्मभूमि सुखशाली, समृद्धिशाली बने। सभी संतों के प्रवचनों को जीवन में आत्मसात करें।

# मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से योगेश का हुआ नि:शुल्क किडनी ट्रांसप्लांट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत राजनांदगांव के ममता नगर निवासी श्री योगेश साहू का निश्शुल्क किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। श्री योगेश कुमार साहू ने बताया कि उनका 2 जुलाई 2024 को किडनी ट्रांसप्लांट एम्स रायपुर में किया गया। वर्ष 2023 में निजी चिकित्सालय में जांच से पता चला कि उन्हें किडनी की समस्या है। जिसके बाद वे राजनांदगांव में डायलिसिस करा रहे थे। श्री योगेश ने बताया कि उनका किडनी ट्रांसप्लांट मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत निश्शुल्क हुआ है। इस योजना से उन्हें एम्स में बेहतर इलाज मिला वहीं उन्हें इलाज के लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं देनी पड़ी। श्री योगेश ने बताया कि वे अभी स्वस्थ हैं और प्रत्येक सप्ताह जांच भी करा रहे हैं। राज्य में मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना चलाने के लिए श्री योगेश ने मुख्यमंत्री का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित है।



मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## आईटीआई राजनांदगांव में 13 सितम्बर को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव 10 सितम्बर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर-ट्री द्वारा एजीआई ग्लासपैक हैदराबाद के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। किसी भी व्यवसाय में वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक आईटीआई उत्तीर्ण तथा अगस्त 2024 की परीक्षा में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

## एक नजर

### ढाबा में अवैध शराब बिक्री करने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 10 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में गणेश चतुर्थी में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 08.09.2024 के रात्रि मे मुखबीर सूचना पर तिलाई ढाबा अवैध शराब बिक्री करने के आरोपी राजेश सिंह पिता श्रीकांत सिंह उम्र 50 साल साकिन बीएनसी मिलचाल वार्ड नं. 15 बल्देवबाग थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को अवैध शराब बिक्री करते मौके पर पकड़ा गया जिसके कब्जे से अलग कंपनी का कुल 17 पौवा देशी-अंग्रेजी शराब जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया ।असामाजिक तत्व, बदमाश के विरूद्ध जारी अभियान मे स्टेशनपारा शंकरपुर में शांति भंग करने के उद्देश्य से शराब पीकर आम जगह मे आने जाने वाले आम जनता को गाली गलौच विवाद कर रहे बदमाश अजय उर्फ अज्जू ठाकुर पिता विजय ठाकुर उम्र 23 साल साकिन शंकरपुर बजरंग चौक पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव और इसी प्रकार शराब पीकर मोहल्ले मे लोगो को मेरे खिलाफ पुलिस मे मुखबीरी करके मुझे पुलिस मे पकड़वाये हो कहकर गाली गलौच कर वाद विवाद कर रहे मल्हार उर्फ लक्की जांगड़े पिता विरेन्द्र जांगड़े उम्र 29 साल साकिन स्टेशनपारा ओपी चिखली राजनांदगांव को मौके पर पहुंच कर समझाईश दी गई जिससे और उग्र होकर लड़ाई झगड़ा मे आमादा हो गया शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दोनो असामाजिक व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170/126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। अवैध शराब बेचने वाले, असमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमाशो के विरूद्ध सतत् अभियान कार्यवाही जारी रहेगी । उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, अरविंद साहू, आर0 सिन्धु सिन्हा, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, एवं मनोज जैन चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### मोटर साइकिल चोर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढा



**राजनांदगांव 10 सितंबर।** प्रार्थी अंकुश देवांगन पिता एकनाथ देवांगन उम्र 19 साल साकिन दीवानपारा राजनांदगांव द्वारा दिनांक 24.02.2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 22.02.2023 से 23.02.2023 के रात्रि मे इसके घर के सामने मे रखी मोटर सायकल क्रमांक सी0जी0 10 ए एस 1622 कीमती करीब 80 हजार रूपये को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 151/2023 धारा 379 भादवि0 कायम कर विवेचना मे लिया गया, घटना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि जरिये मुखबीर आज दिनांक 09.09.2024 को सूचना प्राप्त हुई गंज चौक के पास एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहा है, कि सूचना पर मौका पहुचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को मोटर सायकल सहित रंगे हाथ पकडा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम दानिश अली पिता अजीज अली उम्र 26 साल साकिन शिक्षक नगर थाना कोतवाली जिला दुर्ग (छ0ग0) बताया तथा वर्ष 2023 मे उक्त मोटर सायकल को दीवानपारा राजनांदगांव से चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल क्रमांक सी0जी0 10 ए एस 1622 कीमती करीब 80 हजार रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 शम्भूनाथ द्विवेदी, मिलन साहू आरक्षक प्रदीप साहू थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### दहेज के नाम पर प्रताड़ित करने पर नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**डोंगरगांव 10 सितंबर।** 9 सितंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज मर्ग की जांच किया , मर्ग जांच मे अपराध धारा 304-बी भादवि का अपराध पाये जाने से अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये प्रकरण की अग्रिम जांच श्रीमान पुलिस अनुव?भागीय अधिकारी , डोंगरगांव के द्वारा विवेचना किया जिसमे मे पाया गया कि मृतिका नवविवाहिता को दिनांक 30.07.23 के 17.05 बजे दिन मे बेहोशी की हालात मे सीएचसी डोंगरगांव मे परिजनों के द्वारा ईलाज हेतु लेकर आये जिसे डां0 साहब के द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया , मृतिका के परिजनों बताया कि मृतिका सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुये शादी मे शादी के बाद से ही लगभग 02 वर्षो से उनके ससुराल पक्ष मे पति -सास , ससुर के द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित करते रहे , इसी दौरान दिनांक 30.07.23 को मृतिका आत्महत्या कर लिया।

# छुरिया जनपद की महिला बाल विकास समिति ने किया सहायिका भर्ती में घोटाला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 10 सितंबर।** मामला ब्लॉक मुख्यालय के अंतिम छोर और महाराष्ट्र राज्य से लगे ग्राम बाघनदी ग्राम पंचायत घोरतलाव का है, जहा महिला एवं बाल विकास विभाग छुरिया द्वारा दिनांक 15/01/2024 को पत्र जारी कर आगनबाड़ी सहायिका भर्ती हेतु दिनांक 18/01/2024 से 01/02/2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए, जिसमे 1 शिल्फा उर्फ टिकेश्वरी, 2 रीना बाई, 3 कल्पना तीन महिलाओ ने सहायिका भर्ती हेतु आवेदन किया,

आवेदन पश्चात दिनांक 10/07/2024 को विभाग द्वारा आवेदित महिलाओ द्वारा दिए गए समस्त दस्तावेजों का जांच व मूल्यांकन कर अन्तिम मूल्यांकन पत्रक बनाया जिसमे ब्लॉक के सीईओ, बीईओ, बीएमओ, और परियोजना अधिकारी ने बकायदा हस्ताक्षर कर मूल्यांकन पत्रक जारी किया,

जारी मूल्याकन पत्रक मे

आवेदिका नं. (1) शिल्फा उर्फ टिकेश्वरी को शैक्षणिक में 24 अंक विधवा 15 और जाति मे 10 गरीबी रेखा के 6 कुल - 55 अंक प्राप्त किया,

आवेदिका नं. (2) रीना बाई को शैक्षणिक में 33 अंक जाति मे 10 गरीबी रेखा के 6 कुल - 49 अंक प्राप्त किया,



आवेदिका नं. (3) कल्पना को महज जाति के 06 अंक ही मिले,

मूल्यांकन पत्रक के अनुसार आवेदिका शिल्फा उर्फ टिकेश्वरी जिसे दस्तावेज परीक्षण उपरांत सबसे ज्यादा 55 अंक प्राप्त है जिसकी चयन सहायिका के पद पर होना है,

इसी बीच जानकारी प्राप्त हो रहा है कि जनपद पंचायत छुरिया की महिला बाल विकास विभाग समिति द्वारा दूसरे नं. की महिला आवेदिका रीना बाई जिसका कुल अंक 49 है उसके नाम को पहले नं. पर कर सहायिका पद हेतु प्रस्ताव पारित कर दिए है,? और जल्द न्युक्ति देने का जानकारी आ रही है,

अब देखना ये होगा कि जिस अन्तिम मूल्यांकन पत्रक को जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसर और खुद ब्लॉक महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा दिनांक 10/07/2024 को जांच परीक्षण कर जारी किया गया, उसे जनपद की समिति कैसे बदल सकता है, ?

अगर जनपद की समिति ने ऐसा किया है तो क्या ब्लॉक मुख्यालय के चारो मुख्य अधिकारी सीईओ, बीईओ, बीएमओ, और परियोजना अधिकारी ने बिना जांच पड़ताल के मूल्यांकन पत्रक मे हस्ताक्षर कर दिए,? और अधिकारियों ने सही मूल्यांकन किया है, तो जनपद समिति के सदस्यगण उसे गलत कैसे कर सकते है?,

इस मामले पर न्याय हो जिसके लिए गरीब विधवा महिला शिल्पा उर्फ टिकेश्वरी जिले के सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, सहित जिला कलेक्टर व जिला सीईओ को शिकायत व फरियाद लगाने पहुंच रही है?,

जिले के एक मुख्य अधिकारी ने कहा है कि मूल्यांकन पत्रक जारी होने के बाद अगर उसमे छेड़खानी हुआ है तो निश्चित ही दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही होगी,

बहरहाल इस मामले मे लेनदेन होने से इनकार नहीं किया जा सकता?, तभी तो 55 अंक प्राप्त करने वाली महिला को छोड़ 49 अंक प्राप्त करने वाली महिला का चयन करने की फिराक मे है,

# मुरमुंदा के दहीहांडी लूट में हुई चाकूबाजी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** गोविंदा उत्सव के दौरान देर शाम नशे में चूर नाबालिक व साथी युवको के द्वारा डीजे के अश्लील गाने की धुन पर डांस करने को लेकर आपस में विवाद हो गया जिसके बाद छुरिया के नाबालिक बालक व उसके साथियों के द्वारा ग्राम पटपर के युवको पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिया गया और इस हमले में एक नाबालिक सहित तीन युवकों को गंभीर चोट आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि 08 सितम्बर 2024 को ग्राम मुरमुंदा में दही हाण्डी लूट कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे देखने प्रार्थी विष्णु सांकरे पिता अजहर सांकरे निवासी ग्राम पटपर चौकी चिचोला का जो अपने गांव के दोस्त सेवक साहू, पुरूषोत्तम नेताम, हिमेश वर्मा, डिकेश ठाकुर एवं अन्य के साथियों के साथ ग्राम मुरमुंदा दहीलूट कार्यक्रम देखने आये थे। ग्राम मुरमुंदा बाजार चौक में दही हाण्डी लूट का कार्यक्रम चल रहा था गाना बज रहा था जिसमें इन सभी लोग डांस कर रहे थे तभी भीड़ में धक्का-मुक्की हुआ जिसमें ग्राम मुरमुंदा का लड़का एवं अन्य लड़का द्वारा गंदी-गंदी गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का एवं धारदार हथियार से मारपीट किया गया जिससे सेवक साहू, पुरूषोत्तम नेताम, हिमेश वर्मा, डिकेश ठाकुर को चोंट आई है की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 115(2), 351(2), 3(5)




बीएनएस, 25 आर्म्ए एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिशा-निर्देश प्राप्त कर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अरोपियों के पता तलाश में जूट गये जिसके परिणाम स्वरूप विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लेकर पुछताछ करने पर अपने दोस्त आरोपी रोशन कुमार पिता महेश कुमार साहू उम्र- 21 साल साकिन बनियाटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छ0ग0 एवं रामजी साहू पिता रूपेन्द्र साहू उम्र- 21 साल निवासी ग्राम किरगी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के साथ मिल कर घटना को अंजाम देना करना स्वीकार किये एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग धारदार चाकु को जप्त किया गया है। दोनों आरोपीगण को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं नाबालिक बालक को संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत निर्माणाधीन आवासों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 सितम्बर।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा आज प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत निगम सीमा क्षेत्र में निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निरीक्षण कर तकनीकी अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने ठेकेदारों को निर्देशित करने कहा गया। सर्वप्रथम आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा वार्ड नं. 20 पेण्ड्री में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों का निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्माण कार्य की भुरी-भुरी प्रशंसा कर विभाग के नोडल अधिकारी श्री यू.के. रामटेके से योजनांतर्गत प्रति आवास के मुल्य की जानकारी प्राप्त की तथा पेण्ड्री के 638 पूर्ण आवास हेतु पूर्णतः आहाता निर्माण करवाने के संबंध मे चर्चा करते हुए सम्पूर्ण निर्माण क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उन्होने कहा कि, इस सर्वसुविधा युक्त सुन्दर आवास के लिए प्रक्रिया कर आबंटन की कार्यवाही करें।उन्होने 258 यूनिट रेवाडीह में ठेकेदार द्वारा निर्माण किए जा रहे आवासों के निर्माण कार्य की स्थिति को देखते हुए आयुक्त द्वारा खेद व्यक्त कर संबंधित ठेकेदार को कार्य में प्रगति लाने हेतु नोडल अधिकारी श्री रामटेके को निर्देशित किया गया, तथा जिन आवासों का आबंटन हो गया है।



## मामला डोंगरगढ़ लोकनिर्माण विभाग का

# लोकनिर्माण विभाग कार्यालय कुत्तों के हवाले

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** लोकनिर्माण विभाग में ऊँचे पद पर बैठे अधिकारी कितना गंभीर ही इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोक निर्माण एसडीओ का कार्यालय पुराने विश्रामगृह से जिम्मेदार अधिकारी निरंतर आते जाते रहे होंगे नहीं तो अपने कार्यालय पहुँचते ही नहीं होंगे जिसके कारण पुराना विश्रामगृह जर्जर स्थिति में पहुँच गया है। जानकारों की माने तो पुराने विश्रामगृह व नया विश्रामगृह के रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष शासन प्रसाशन से विभाग को मोटी रकम प्राप्त होती तथा पुराने एवं नए विश्रामगृह के देखरेख के लिए डेलीविजेश से लेकर नियमित अधिकारी कर्मचारी की तैनाती की गई है जिसके बाद भी लोकनिर्माण विभाग एसडीओ के. के. सिंग के कानों तक खबर नही पहुँचना कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे है। सूत्रों की माने दोनों विश्रामगृह के रखरखाव के लिए



शासन से जो मोटी रकम प्राप्त होती है वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। रखरखाव के नाम पर आने वाली राशि को फर्जी बिल लगाकर आहरण कर लिया जाता है तो दूसरी तरफ यक्षप्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि नए व पुराने विश्रामगृह में प्रतिदिन बड़े अधिकारी से नेता तक आते जाते रहते है जिसके बाद भी विश्रामगृह की स्थिति इस मुकाम पर पहुँच जाना लोक निर्माण विभाग के एसडीओ का पोल खोल कर रख दिया है। सूत्र बताते हैं कि धर्मनगरी में प्रतिवर्ष दो नवरात्र पर्व का आयोजित किया जाता है और इस दौरान अधिकारी से लेकर नेताओं तक का दबाव प्रमुख रूप से इन्ही दो विश्रामगृह पर रहता है। जानकारों का कहना विश्रामगृह में ऐसी स्थिति को निर्मित कर मरम्मत के नाम पर पृथक रूप से राशि की मांग की जाती है और उस राशि से ऐसे मरम्मत कार्यो में लीपापोती कर अधिकारी चट कर जाते है तो दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग के कार्यलय के पोर्च में जहाँ एसडीओ का वास होता है उस पोर्च में बड़ी संख्या में कुत्तो की जमात आसानी से देखी जा सकती है। रेस्टहाउस प्रांगण पार्किंग में तब्दील हो गया है जिस पर रोक लगाने वाले दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे है। जिसको लेकर एसडीओ के. के. सिंग के मोबाईल क्रमांक 7000519470 पर चर्चा करने पर बताया गया कि पुराने रेस्टहाउस का देखरेख दिनेश बडोनिया के पास है व मरम्मत कार्य के लिए फंड आने पर टेंडर बुलाये जाते है व आगे की चर्चा करने पर गोलमोल जवाब देते हुए मोबाईल को बंद कर दिया गया जिससे कई प्रकार का खतरा मंडराने लगे है। विश्रामगृह की जो स्थिति है उसका छत कभी किसी के सर पर गिर जाए तो इसमें आश्चर्य नहीं होगा जो शासन प्रशासन के उच्च अधिकारीयों के लिए जाँच का विषय बन गया है।

## समाचार संक्षेप

### शांति समिति की बैठक में सभी पर्व शांति व सद्भाव से मनाने चर्चा की गई



**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** गणेश उत्सव, विश्वकर्मा पुजा एवं इद ए मिलाद त्यौहार को लेकर थाना डोंगरगढ़ में शांति समीति का बैठक आहूत की गई और सभी पर्वो को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई है। 09 सितम्बर 2024 को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी रूद्धह्ल कुंजाम एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिको व जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों की उपस्थिति में बैठक आहुत किया गया जिसमें गणेश उत्सव, विश्वकर्मा पुजा एवं इद ए मिलाद त्यौहार को लेकर विभिन्न मुद्दाओ पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर, आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये अपना-अपना त्यौहार/उत्सव मनाने की अपील की गई है।

### राजस्व वृध्दि व वसूली के लिए आयुक्त ने टीमों का गठन किया



**राजनांदगांव 10 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता निगम राजस्व में वृद्धि एवं शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने स्थल सर्वे कर डिमाण्ड दुरूस्त कराने उपअभियंताओं एवं राजस्व अमला की टीम गठित किए है। गठित टीम प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र में जाकर सर्वे कर मोबाईल-एप के माध्यम से डिमाण्ड तैयार कर रहे है, स्वयं आयुक्त द्वारा समय-समय पर मानिटरिंग कर वार्डो में जाकर डिमाण्ड से मिलान किया जा रहा है तथा साप्ताहिक बैठक लेकर समीक्षा भी कर रहे है। इसी कडी में आज आयुक्त के द्वारा राजस्व की समीक्षा बैठक लेकर डिमाण्ड संधारण एवं पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की वार्डवार जानकारी ली गई। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की प्रगति की जानकारी में सभी राजस्व निरीक्षकों, राजस्व उपनिरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों से उनके वार्डवार डिमाण्ड दुरूस्त करने संबंधी जानकारी में पुछा कि, अब तक कितने घर का डिमाण्ड तैयार किए, कितने घर में अंतर आया और पूर्व डिमाण्ड से कितना-कितना अंतर आया, उन्होने उपअभियंताओं से भी जानकारी लेकर पत्रक तैयार करने कहा। उन्होने कहा कि, वर्तमान गणना अनुसार डिमाण्ड पंजी तैयार करें एवं संबंधित करदाता को अवगत कराते हुए नये डिमाण्ड के आधार पर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि, बडे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं मकानों का डिमाण्ड पहले दुरूस्त करें उसके पश्चात् छोटे का डिमाण्ड तैयार करें। उन्होने कहा कि, भौतिक सत्यापन उपरांत पुराने डिमाण्ड से मिलान कर अंतर सहित नया डिमाण्ड पंजी में चढ़ाकर उसके अनुसार बिल तैयार कर वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि, नये मकान एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का भी सर्वे कर डिमाण्ड रजिस्टर में दर्ज कर विवरणी तैयार करें। उन्होने अब तक डिमाण्ड बढ़ने की जानकारी ली लगभग 60 लाख रूपये डिमाण्ड बढ़ने पर प्रसन्नता व्यक्त कर इसी प्रकार डिमाण्ड बढ़ाने, कार्य मे गति लाने के निर्देश दिए।

### विधायक दलेश्वर साहू ने किया सालिक झिटिया में सामाजिक भवन का लोकार्पण

**डोंगरगाव 10 सितंबर।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम सालिक झिटिया मे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से निर्मित साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन दास साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, जनपद सभापति मोहनीश साहू बतौर विशेष अतिथी उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दलेश्वर ने कहा कि जीवन मे सबको कोई न कोई अवसर अवश्य मिलता है उस अवसर का सदुपयोग अच्छे कार्यो के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम जनपद सभापति मोहनीश साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। ग्राम पंचायत व ग्राम साहू समाज द्वारा विधायक सहित सभी अतिथियो का अभिनंदन व प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम मे लविंद्र साव, बीणाधर वर्मा, भैय्यालाल साहू, एसडीओ आरईएस गोस्वामी, मूलचंद साहू, महेश साहू, शिव साहू, सरपंच रेशम साहू, नीलकंठ साहू, गणेश साहू, दुरदाशन साहू, मोहन साहू, मंगलू साहू, रामकुमार वैष्णव, ढालसिंह साहू, राजू साहू, आदि सहित बडी संख्या मे सामाजिकजन, पंचायत प्रतिनिधी, ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल सचिव महेश साहू ने किया।



संपादकीय

# नक्सली अब नक्सलियों को ही डरा रहे हैं

नक्सली अब तक आम लोगों को कई तरह से डराते थे। उनके खिलाफ काम करने वालों को अदालत लगाकर मौत की सजा देते थे। कभी किसी को पुलिस की मदद करने पर गांव में जाकर मार देते थे, बीच बीच में पुलिस व सुरक्षा बलों पर हमला कर उनको मारते थे। इस तरह की तमाम तरह की हिंसा का एक ही मतलब होता था कि लोग नक्सिलियों से डरे, उनको नुकसान पहुंचाने से डरें। नक्सली जानते थे उनको आतंक का साम्राज्य तो तब बना रह सकता है जब लोग उनसे डरे, जवान उनसे डरे, लोग उनके खिलाफ कुछ करना तो दूर कहने से भी डरे, इतना आतंक कभी नक्सलियों का बस्तर में था। साय सरकार आने के बाद नक्सलियों का आतंक खत्म हो गया है। उनका दबदबा गांवों में खत्म हो गया है। लोग उनके डरते नहीं हैं,जवान उनसे डरते नहीं है। लोग उनके मूवमेंट की जानकारी पुलिस को दे रहे हैं, पुलिस उन पर आए दिन हमला कर नक्सलियों को मार रही है। नक्सलियों की सूचना मिलने पर पुलिस व सुरक्षा बल के जवान उनके इलाकों में उनको घेर कर आए दिन मार रहे हैं। नक्सलियों के मारे जाने का नक्सलियों में इतना खौफ पैदा हो गया है कि नक्सली छत्तीसगढ़ छोड़कर आसपास के राज्यों में भाग रहे हैं लेकिन वहां भी उनकी सूचना उनके पहुंचने के पहले पहुंच जाने के कारण वह बच नहीं पा रहे हैं, दूसरे राज्य की पुलिस भी उनको घेरकर मार रही है। पिछले सप्ताह मंगलवार को बस्तर संभाग में सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा, बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में 9 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए सारे नक्सली ईनामी नक्सली थे,इन पर कुल 59 लाख का इनाम था, एक नक्सली पर तो 25 लाख का इनाम था। इस तरह नक्सल विरोधी अभियान में 153 नक्सलियों का मार कर उनका शव बरामद किया जा चुका है तथा 669 को गिरफ्तार किया गया है तथा 656 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इसके दो दिन बात ही गुरुवार को छत्तीसगढ़ से भागकर जो नक्सली तेलंगाना जा रहे थे, उसकी सूचना तेलंगाना पुलिस को उनके पहुंचने के पहले मिल जाने के कारण उनको घेर लिया गया और फायरिंग में 6 नक्सलियों का मार गिराया गया। इस घटना से पता चलता है कि नक्सली अब मारे जाने के डर से छत्तीसगढ़ से आसपास के राज्यों में भाग रहे हैं लेकिन हाल ही मे अमित शाह की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित राज्यों के अधिकारियों की बैठक में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया गया था, इस फैसले के कारण ही छत्तीसगढ़ से भागने वाले नक्सलियों को तेलंगाना में मार गिराया गया। पहले नक्सली एक राज्य में दबाव बढ़ने पर दूसरे राज्य भाग जाते थे और बच जाते थे, अब आसपास के सभी राज्यों में उनके सफाए के लिए अभियान चलाए जाने से अब उनके लिए कोई भी राज्य सुरक्षित नहीं रह गया है। पहले उनके छत्तीसगढ़ ही सबसे सुरक्षित राज्य माना जाता था, यहां कई इलाके ऐसे थे जहां पुलिस भी जाने की हिम्मत नहीं करती थी। अब जब से बस्तर में सुरक्षा बलों के कैंप नक्सल प्रभावित इलाकों में खुले है. तब से नक्सली बड़ी संख्या में मारे जा रहे, कोई इलाका उनके लिए अब सुरक्षित नहीं रह गया है। गृहमंत्री ने नक्सलियों के सफाए की तारीख तय कर दी है तो उनके सफाए के लिए पूरी तैयारी भी की जा रही है। खबर है कि झारखंड व बिहार से हटाई गई सीआरपीएफ की चार बटालियन के 4 हजार जवानों को छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है।यानी बस्तर में सुरक्षा बलों की संख्या और बढ़ाई जा रही है। साय सरकार आने के बाद वैसे ही राज्य में सुरक्षा बलों के जवानों की संख्या एक लाख हो गई है। बताया जाता है कि ये जवान दूरदराज के इलाकों में एफओबी स्थापित करेंगी ताकि क्षेत्र का विकास किया जा सके। अब तक छत्तीसगढ़ में 40 एफओबी बनाए जा चुके हैं। एक लाख से ज्यादा सुरक्षा बलों के कारण नक्सली ज्यादा मारे जा रहे हैं, ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं, इसका परिणाम यह हुआ है कि अब नक्सली अब सरेंडर करने वाले नक्सली को मार रहे हैं ताकि नक्सलियों को डराकर सरेंडर करने से रोका जा सके। साय सरकार ने पहले कह दिया है कि सरेंडर नहीं करोगे तो मारे जाओगे, इस कारण नक्सली ज्यादा सरेंडर कर रहे है, इससे नक्सलियों की संख्या कम होती जा रही है। नक्सली अब नक्सलियों को डरा रहे ताकि वह सरेंडर न करें।

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# ट्रेनों को पलटने की साजिश करने वाले देशद्रोही कब होंगे बेनकाब?



भारतीय रेल दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है दुनिया के कई देशों की कुल आबादी के बराबर की तादाद में लोग हमारी रेल में हर समय सफर कर रहे होते हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। इन दिनों देश में रेल हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है अधिकांश हादसे ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण हो रहे हैं । आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 14 महीनों में चार बड़े रेल हादसे हुए हैं, जिसमें 320 से ज्यादा यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है। रेल को पटरी से उतारने के पीछे असामाजिक तत्वों की शरारत भरी साजिश की आशंका व्यक्त की जा रही थी लेकिन ताजा हादसे में शरारती तत्वों की साजिश के पुख्ता प्रमाण मिले हैं ।

कानपुर मंडल में बीते 24 दिनों में तीसरी बार ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश हो चुकी है। गनीमत रही कि तीनों ही साजिश में ट्रेन संचालन तो बाधित हुआ पर किसी में कोई जनहानि नहीं हुई। तीन में से 2 साजिश कानपुर-कासगंज रेलमार्ग पर तो एक साजिश कानपुर-झांसी रेलमार्ग पर रची गई। देश भर में ट्रेनों को बेपटरी कर हजारों रेल यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। यकायक कुछ माह के भीतर ही ऐसी अनेक हादसों की तादाद बढ़ जाना चिंता का विषय है। शुरू में इन हादसों को सामान्य रखरखाव में चूक माना गया लेकिन इस के बाद देश के कई हिस्सों में जिस तरह ट्रेन बेपटरी होने की वारदातों की झड़ी लगी है उसने साफ कर दिया है कि इन हादसों के पीछे सोची समझी साजिश काम कर रही है।

झांसी रेलमार्ग पर बोल्डर को ट्रैक से बांधकर साबरमती एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने की जांच ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हाल ही में कानपुर-बिल्हौर के बीच कालिंदी एक्सप्रेस के सामने भरा गैस सिलेंडर रख उड़ाने की कोशिश की गई पूर्वोत्तर रेलवे ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।आपको बता दें कि इस से पहले भी दो बार इस तरह की वारदातों को अंजाम देने का षडयंत्र रचाई जा चुका है। इनमें नं1. साबरमती एक्सप्रेस- 22 डिब्बे पटरी से उतरे-पहली घटना 16 अगस्त को कानपुर से अहमदाबाद को चली 19168 साबरमती एक्सप्रेस गोविंदपुरी और भीमसेन के पास बोल्डर (रेल पीस) से टकरा गई। फिर इंजन सहित 22 कोच डिरेल हो गए। वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी), जिला पुलिस और एनआईए की जांच में पता चला है कि पुरानी रेल का 1.10 मीटर टुकड़ा झांसी रेलमार्ग पर बोल्ट से बांधा गया था। मौके से रेल टुकड़ा मिला था।दूसरी घटना फरुर्खाबाद-कासगंज पैसेंजर 16 दिन पहले फरुर्खाबाद में घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई। बीती 24 अगस्त को फरुर्खाबाद से कासगंज जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे ट्रैक पर लकड़ी का गट्ठर रख दिया गया था। ट्रेन की स्पीड अधिक होने से बड़ा हादसा टला था।अब यह तीसरी वारदात है जिसमें सिलेंडर, पेट्रोल बम रखकर साजिश कल यानी रविवार देर रात को कासगंज रूट पर ट्रैक पर भरा सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश की गई। मौके पर पेट्रोल बम भी मिलने की आशंका है। फिलहाल ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। जांच की जा रही है।

तीनों ही मामले ट्रैक से जुड़े हैं। रेलवे की खुफिया एजेंसी का कहना है कि लगता है कि किसी की साजिश है। इज्जतनगर के पीआरओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि कालिंदी एक्सप्रेस के सिलेंडर से टकराने का मेमो चालक राजकिशोर ने दिया है। इसकी आरपीएफ टीम जांच कर रही है। सच्चाई का जल्द खुलासा होगा।

शिवराजपुर की मुंढेरी क्रॉसिंग के पास कालिंदी एक्सप्रेस से सिलेंडर टकराने की घटना के बाद दो कोल्ड



स्टोरेज, भोजनालय और पेट्रोल पम्प समेत अन्य प्रतिष्ठान जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की टीम इन प्रतिष्ठानों के लोगों से सम्पर्क कर वहां से सीसीटीवी फुटेज जुटाने का प्रयास कर रही है।घटनास्थल के 100 से लेकर 300 मीटर के दायरे में दो कोल्ड स्टोरेज, एक भोजनालय, पेट्रोल पम्प और एक मैदा मिल है। फायर स्टेशन क्रॉसिंग के पास ही बना है। पुलिस अफसरों और खुफिया एजेंसियों के लोगों ने सरकारी संस्थानों के अलावा कोल्ड स्टोरेज, मैदा मिल और भोजनालय संचालक से सम्पर्क किया है।पुलिस को जांच करने के दौरान दो सीसीटीवी कैमरे लगे होने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर से आबादी क्षेत्र शुरू हो जाता है। इलाके में हाल फिलहाल कोई नया किराएदार रहने के लिए आया हो जानकारी जुटा रहे हैं।दिल्ली, लखनऊ के सम्पर्क में खुफिया एजेंसियां एटीएस और आईबी के अधिकारी घटना के बाद दिल्ली और लखनऊ के सम्पर्क में हैं। पांच वर्षों में ट्रेनों में हुई संदिग्ध घटनाओं में जो भी नाम प्रकाश में आए हैं। उनके बारे में भी जानकारी जुटाई रहे।कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के बाद पुलिस के रडार पर कानपुर से लेकर कन्नौज तक के अपराधी हैं। पुलिस ने हादसे के बाद छापेमारी की हैं। अभी तक 10 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, पुलिस का मानना है कि सिलेंडर और बारूद का भरा झोला शुरूआती क्लू हो सकता है।जिस झोले में बारूद मिली हैं, उस झोले पर एक मिठाई दुकान का नाम लिखा है। यह दुकान कन्नौज में है। अब कन्नौज कनेक्शन भी तलाश जा रहा है। पुलिस ने कन्नौज के उस दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में लिया है, जिस दुकान का झोला कानपुर में मिला है। इसलिए पुलिस ने कानपुर से लेकर कन्नौज तक के कई फुटेज अपने कब्जे में लिए हैं। इसके लिए जीआरपी और आरपीएफ को भी सक्रिय किया गया है।

पुलिस इस हाथ से जुड़ी कड़ियों को खोजने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस पकड़े गए संदिग्धों के साथ अलग-अलग पूछताछ कर रही है। इसके अलावा आसपास के जो गांव हैं, वहां पर जो अपराधी प्रवृत्ति के लोग रहते हैं, उनकी पिछले कुछ दिनों की गतिविधियों को भी पुलिस ने जानना शुरू कर दिया है।

हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास जितने भी गांव है। वहां पर खुफिया एजेंसी के साथ कई और टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया हैं। हादसे के बाहर गांव के हर एक संदिग्ध पर पुलिस की निगाह बनी हुई है।कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में शिवराजपुर थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसके साथ ही 6 संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। पुलिस ने अपने रडार पर इलाके के जमातियों को भी लिया है। जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने 6 टीमों का गठन किया है।

वहीं, दूसरी तरफ मामले की जांच के लिए एटीएस और आइबी की टीमों ने भी डेरा डाल दिया है। एटीएस आईजी एन. चौधरी ने कहा- मौके पर जांच पड़ताल की है। जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं, सभी पहलुओं पर हम लोग जांच कर रहे हैं।चौबेपुर थाना, शिवराजपुर थाना और बिल्हौर थाने की अलग-अलग टीमें हादसे की जांच करेंगी। इसके साथ ही एक टीम सर्विलांस, एक स्वाट टीम और एक टीम वरिष्ठ अधिकारी एलआईयू की अध्यक्षता में गठित की गई है। पुलिस की छह टीमों ने ट्रेन पलटाने की साजिश का खुलासा करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह के अनुसार मौके पर मिले सियाराम स्वीट्स का झोला और माचिस मौके पर मिला है। इसी में विस्फोटक और पेट्राल बम को रखकर लाया गया था। मौके पर मिले बोतल बम में पेट्रोल ही है। पाउडर को भी जांच के लिए फोरेंसिक ने सैंपल लिया है। एटीएस की टीमों ने भी मौका-मुआयना कर जांच शुरू की है।हादसे में इस्तेमाल सिलेंडर के घिसटने के चिह्न मिले। आगे तलाश करने पर गैस सिलेंडर में दाहिनी ओर झाड़ी में मिला। इससे ऐसा लग रहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेन को पलटाने की साजिश रची गई। इससे भारी जनहानि हो सकती थी। सवाल यह है कि आखिर कौन है जो रेलगाड़ी को बेपटरी कर हजारों यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने की साजिश रच रहा है। खुफिया व जांच एजेंसियों के लिए ऐसे असामाजिक अराजक देशद्रोही तत्वों को सामने लाना चुनौती भरा टास्क है।तमाम ऐजेंसियों को अपनी सामर्थ्य के बूते पर ऐसे देश के भीतर छिपे गद्दारों को बेनकाब करना होगा ताकि देश की सम्पत्ति और नागरिकों की जान से खिलवाड़ करने वाले बेनकाब हो सके।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच विचार कर लेने के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने की कोशिश में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आप किसी के बहकावे में आकर कोई गलती कर सकते हैं और आप अपनी माताजी से किसी पारिवारिक समस्या को लेकर बातचीत करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की बातों पर ध्यान देना होगा, नहीं तो वह उनसे नाराज हो सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें।

वृषभ- आज का दिन रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी में आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती हैं। किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको यदि सेहत से जुड़ी कोई समस्या चल रही है, तो आप उसमें समय रहते डॉक्टरी परामर्श लें। आपको कोई पुराना मित्र आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आपको किसी के बेवजह के मामलों में बोलने से बचना होगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से थोड़ा कमजोर रहेगा। व्यापार में आपको कामों में कुछ असुविधा रहने की संभावना है। विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ किसी कोर्स के प्रति भी रुचि जागृत हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस की गलतियों के बजाय उनके कामों पर पूरा ध्यान दें। कोई वाद-विवाद आपको परेशान कर सकता है, इसलिए किसी काम में हाथ ना डालें। आप अपने घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों की कोई डील फाइनल होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप रुके हुए कामों को लेकर परेशान रहेंगे। आपके दिन की शुरूआत थोड़ी कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में आप बिजनेस में अच्छा लाभ कमाने में कामयाब रखेंगे। आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिससे आप पूरा अवश्य करेंगे। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको किसी से कोई वादा बहुत ही सोच विचारकर करना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने व्यवसाय में लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपके शत्रु प्रबल रहेंगे, लेकिन आपने यदि कुछ निवेश करने की सोचेंगे , तो उसे मिलने में आपको कुछ परेशानी हो सकती है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियरों से बातचीत करनी पड़ सकती है।

कन्या- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आप प्रत्येक कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे। आपकी उन्नति की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी, लेकिन आपको अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा रखने की आवश्यकता है। संतान किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा की तैयारी में लगी रहेगी। आपको यदि कोई समस्या चल रही है, तो आप उसका समाधान खोजने के पूरे कोशिश करें और आपकी आय बढ़ने से आज आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला है। आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको यदि कोई परेशानी आ रही थी, तो वह दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर ध्यान देंगे। व्यवसाय में आप कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। पुराने मित्र से लंबे समय बाद आपकी मुलाकात होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मेहनत से भरा रहने वाला है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में लोगों की भावनाओं का सम्मान करना होगा, लेकिन आपके विरोधी आपको कोई समस्या देने की कोशिश करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को मेहनत अधिक करनी होगी, तभी वह अपने बॉस को खुश रख सकेंगे। आपकी किसी मन की इच्छा के पूर्ति होने से आप प्रसन्न रहेंगे। सगे संबंधियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप कोई नया काम सोच विचारकर करें।

धनु- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको व्यर्थ की उलझनों में पड़ने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी काम को लेकर सोच विचार करने की आवश्यकता है। व्यावसायिक गतिविधियों पर आप पूरा ध्यान रखेंगे और आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप किसी से कोई भी बात बहुत ही सोच विचारकर बोले। आपके पिताजी को कोई धन संबंधित समस्या होने की संभावना है। आपको काम को भी अधिकता रहने के कारण सिरदर्द, थकान बना रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है, जिससे उन्हें काम भी अधिक करना होगा। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को किसी नए काम की शुरूआत करने का मौका मिलेगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़ी मेहनत अधिक करनी होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपके मान प्रतिष्ठा बढेगी। आपको नौकरी में कुछ उतार-चढ़ाव रहने के कारण आप परेशान रहेंगे, लेकिन आप कोई परिवर्तन सोच विचारकर करें और आपका मित्र आपके लिए कोई नया काम लेकर आ सकता है। आपके विरोधी आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका कोई काम बनते बनते रह सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काफी संघर्षों के बाद अपने कामों में राहत मिलती दिखेगी और परिस्थितियां अनुकूल होंगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को आज जॉब में कोई झटका मिलने की संभावना है। आप किसी की कहासुनी बातों में आकर लड़ाई झगड़े में ना पड़े, नहीं तो वह बढ़ सकता है।

व्यंग्य

# भविष्य की वाट्सअप पीढ़ी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



वह जमाना था जब लोग चिट्ठियों के इंतजार में खिड़की पर आंखें बिछाकर बैठे रहते थे। फिर तार आया, और तार ने यह सिद्ध कर दिया कि समाचार अच्छे हों या बुरे, आते समय अपने पैर ही तोड़ते हैं। और अब, अब जब आधुनिक युग में हम 'वाट्सअप' जैसे अद्भुत आविष्कार से जुड़े हैं, तो समाचार का आना कोई घटना नहीं रही। अब तो जब चाहो, जहां चाहो, एक उंगली के स्पर्श से संवाद शुरू हो जाता है। न कोई भावनाएं, न प्रतीक्षा का तनाव, बस चैट की झड़ी और आंखों में नूर। वाट्सअप के युग में हमने संवाद के महत्व को टाइपिंग... तक सिमटा दिया है। अब किसी को अपने दिल की बात कहने से पहले सोचने की जरूरत नहीं है। बस, इमोजी भेज दो। रोने का मन हो? रोने वाली इमोजी भेज दो। गुस्सा आए? गुस्से वाला चेहरा भेज दो। प्यार जताना हो? दिल और फूल के इमोजी भेज दो। इस तरह हम इमोजियों के माध्यम से अपने भावों की भ्रूण हत्या कर देते हैं, और सोचते हैं कि हमने सब कह दिया। पहले की चिट्ठियों में शब्दों का वजन हुआ करता था। हर अक्षर सोच-समझकर लिखा जाता था। और अब? अब तो वाट्सअप पर 'हाय' का मतलब है कि तुमसे बात करने का मन तो नहीं, लेकिन तुम जवाब दे दो। और 'बाय' का मतलब है कि बात खत्म हो गई, अब हम आगे भी न मिलें तो चलेगा। 'ओके' और 'ठीक है' जैसे शब्दों ने हमें भावहीन, नीरस और एकदम से सहज बना दिया है। वाट्सअप ग्रुप, आज की दुनिया में संचार का 'कचरा दान' बन गया है। परिवार हो, दोस्त हों या ऑफिस के लोग झ हर किसी ने अपना एक वाट्सअप ग्रुप बना रखा है। पहले जहां बातचीत के लिए दोस्तों को ढूंढ़ना पड़ता था, अब ग्रुप में बस संदेश टाइप करते ही दोस्त वहां हाजिर मिलते हैं। मजे की बात यह है कि वाट्सअप ग्रुप के सदस्य भी दो प्रकार के होते हैं झ एक वे जो हर संदेश पर 'लोल' भेजते हैं, और दूसरे जो हर संदेश को पढ़ते हैं, पर कभी जवाब नहीं देते। सबसे बड़ी समस्या यह है कि ग्रुप चैट्स में आप चाह कर भी छुटकारा नहीं पा सकते। अगर आपने गलती से ग्रुप छोड़ दिया, तो समाज आपको ऐसे देखेगा मानो आपने किसी राष्ट्रीय पवित्रता का अपमान कर दिया हो। फिर आपको वापस बुला लिया जाएगा, और अगली बार आपको 'मौन साधना' का अभ्यास करना पड़ेगा ताकि आप ग्रुप में उपस्थित तो रहें, लेकिन कुछ न कहें।

अब बात करते हैं 'ब्लू टिक' की, जिसे देखकर अधिकांश लोगों का दिल जलता है। यह अद्भुत तकनीकी नवाचार हमें बताता है कि आपका संदेश देखा गया है, पर उसका जवाब देना जरूरी नहीं समझा गया। क्या जमाना आ गया है कि हमें 'ब्लू टिक' देखकर यह अंदाजा लगाना पड़ता है कि हम महत्वपूर्ण हैं या नहीं। पहले प्रेमिका की चिट्ठी न आए तो इंतजार का मजा था, अब प्रेमिका का 'ब्लू टिक' दिख जाए और जवाब न आए तो दिल जलकर भस्म हो जाता है। वास्तव में, वाट्सअप के इस युग ने रिश्तों को जांचने का एक नया तरीका दे दिया है झ 'ब्लू टिक' देखिए और खुद समझिए कि आपका क्या स्थान है। अगर दो घंटे तक जवाब न आए, तो समझ लीजिए कि प्रेम संबंधों की नाव डूब रही है। और अगर 'गुड नाइट' के बाद 'ब्लू टिक' दिख जाए, तो पूरी रात बेचैनी में कटने वाली है। वाट्सअप स्टेटस तो जैसे आत्ममुग्धता का डिजिटल संस्करण है। यहां लोग अपनी सफलता, असफलता, प्रेम, घृणा सब कुछ 'स्टेटस' पर चिपकाते हैं। कोई सुबह-सुबह योग करते हुए तस्वीर डालेगा, तो कोई रात को पार्टी में 'मैं कितना खुश हूं' वाला स्टेटस। और अगर कोई दुखी हो, तो वह उदास शेरो-शायरी डालकर दुनिया को अपनी भावनाओं से अवगत कराता है। पहले लोग सुख-दुख बांटने के लिए दोस्तों के पास जाते थे, अब वे स्टेटस डालकर उसे सार्वजनिक कर देते हैं। जो भी देखेगा, एक 'थम्ब्स अप' या 'सैड इमोजी' भेज देगा। और हम समझते हैं कि हमारी समस्याओं का समाधान हो गया। अब मैं सोचता हूं कि आने वाले समय में क्या होगा? क्या हमारे बच्चे 'गुड मॉर्निंग' और 'गुड नाइट' संदेशों के बिना चैन से सो पाएंगे? क्या वे इमोजी के बिना अपनी भावनाएं व्यक्त कर पाएंगे? भविष्य की पीढ़ी शायद पूरी तरह से वाट्सअप पर जीएगी। वे न बोलेंगे, न सुनेंगे, बस संदेशों की दुनिया में खोए रहेंगे। समाज अब इस दिशा में बढ़ रहा है, जहां हर व्यक्ति 'ऑनलाइन' है लेकिन एकांत में है। संवाद तो हो रहा है, लेकिन आत्मीयता गायब हो रही है। यह वाट्सअप का कमाल है, जिसने हमें न केवल संवादहीन किया है, बल्कि हमें संवाद की औपचारिकता में जकड़ दिया है।

(देश-विदेश)

संजीव ठाकुर

# भारत की मध्यस्थता रूस- यूक्रेन की रजामंदी या मजबूरी

प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय पोलैंड यूक्रेन यात्रा ने पूरी दुनिया के कान खड़े कर दिए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव सहित अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया तथा यूरोप के 22 देश रूस के सामने युद्ध विराम की गुहार लगाते रहे पर रूस ने किसी की एक ना सुनीं, ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री की यह यूक्रेन यात्रा रूस और यूक्रेन के लिए इसीलिए भी बहुत मायने रखती है कि भारत के प्रधानमंत्री ने पोलैंड से यूक्रेन की यात्रा 10 घंटे रेल में सफर करके यूक्रेन के राष्ट्रपति से मिलने कीव पहुंचे थे। रूस ने अपनी पुरानी मित्रता का लिहाज करते हुए जब प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में थे तब आक्रमण तथा युद्ध एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति बहुत उत्साह,गर्मजोशी से मिलते नहीं दिखाई दिए पर मोदी के शांति प्रस्ताव पर उन्होंने अपनी सहमति जताई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति को शायद यह उम्मीद नहीं है कि भारत की मध्यस्थता रूस को आक्रमण करने से रोक पाएगी पर भारत के प्रधानमंत्री ने यात्रा के बाद पुतिन तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडन से अलग-अलग दूरभाष पर चर्चा कर रूस यूक्रेन युद्ध रोकने संबंधी वार्ता भी की थी इसके पश्चात ही पूरे विश्व के अलग-अलग नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ही रूस यूक्रेन युद्ध को रुकवा सकने में सक्षम होगा। इंग्लैंड, फ्रांस, कनाडा तथा ऑस्ट्रेलिया देश भी भारत की तरफ आशावादी दृष्टिकोण से रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने और मध्यस्थता करने की राह देख रहे हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका के एंथोनी ब्लिंकन ने यूक्रेन को इस युद्ध के दौरान 270 करोड़ मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की है इसके अलावा अन्य यूरोपीय देश भी युद्ध की शुरूआत से यूक्रेन की युद्ध में सामरिक तथा आर्थिक मदद करते आ रहे हैं। यूक्रेन इस युद्ध में अपने हजारों सैनिक और नागरिकों की बलि चढ़ा चुका है और आर्थिक रूप से दिवालिया भी हो गया है। रूस आर्थिक रूप से तो शक्तिशाली है पर उसके पेट्रोलियम पदार्थ एवं शस्त्रों का निर्यात पूरी तरह से बंद हो गया है रूस को भी भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्तमान में रूस यूक्रेन युद्ध की खबरें अब गर्म और ताजा खबरें नहीं रह गई हैं,क्योंकि दैनिक अखबार, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया भी इसे सामान्य खबर की तरह अपने चैनलों में प्रसारित कर रहे हैं। रूस ने भी भारी संख्या में अपने नागरिकों सैनिकों को खोया है। रूस ने यूक्रेन से यह अनुमान लगा कर युद्ध शुरू किया था कि रूस 10 से 15 दिनों में यूक्रेन को नष्ट-ध्वस्त करके उस पर कब्जा कर लेगा पर यूक्रेनी राष्ट्रपति, वहां की जनता तथा सैनिकों के हौसले से तथा अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की मदद से अब युद्ध हजार दिनों की तरफ बढ़ रहा है। रूस तथा यूक्रेन के लिए यह युद्ध अब प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है और युद्ध रोकने के लिए दोनों की अलग-अलग अपनी मांगे और शर्ते हैं। इसके अलावा युद्ध रोकने के लिए एक दूसरे के सामने



झुकना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस युद्ध विराम के लिए पहले चीन तथा ब्राजील ने पहल की थी पर उसका कोई नतीजा अभी तक कुछ दिखाई नहीं दिया है तुरकिये ने भी अपना प्रयास दिखाया था। भारत की तुलना में चीन के संबंध रूस से उतने प्रगाढ़ नहीं है जितने प्रगाढ़ भारत से स्वतंत्रता की प्राप्ति से बाद अब तक रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री सर्वमान्य रूप से रूस तथा यूक्रेन से बराबरी से मित्रता निभाते आ रहे हैं। भारत ने रूस से कच्चा तेल सस्ते में इस युद्ध के दौरान ही खरीदा है और उसका संयुक्त राष्ट्र संघ में निर्गुण रहकर मौन समर्थन दिया है। राष्ट्रपति पुतिन प्रधानमंत्री मोदी को अपना सबसे नजदीकी एवं अभिन्न मित्र मानते हैं, भारत ने भी अमेरिका को दरकिनार रूस का साथ दिया है और इस वजह से अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन ने भारत पर बलपूर्वक दबाव उत्पन्न किया था पर भारत दबाव के सामने कभी झुका नहीं, क्योंकि भारत चीन और भारत-पाकिस्तान युद्ध में रूस ने भारत की एक तरफा मदद की जिसकी वजह से भारत अभी भी रूस को अपना हितैषी मानता आ रहा है रही चीन और पाकिस्तान की बात तो पाकिस्तान के विरोध और समर्थन से किसी भी देश को कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आता क्योंकि पाकिस्तान दिवालिया हो चुका है अपनी आर्थिक तंगी से खुद जूझ रहा है। चीन और रूस की मित्रता की तुलना भारत और रूस के मित्रता से नहीं की जा सकती है क्योंकि भारत और रूस सामरिक आर्थिक तथा व्यापारिक रूप से एक दूसरे से काफी नजदीक आ चुके हैं। यह बात अलग है कि इजरायल पलेस्टाइन युद्ध में रूस चीन पाकिस्तान और खाडी के देश एक साथ फिलिस्तीन के साथ हो खड़े चुके हैं पर फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से यूक्रेन रूस के युद्ध की बात बिल्कुल जुदा है। रूस पर आर्थिक प्रतिबंध में अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का बड़ा हाथ रहा है जिसके कारण रूस को काफी आर्थिक तथा सामरिक नुकसान झेलना पड़ा है। भारत की रूस यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता अब पुतिन जेलेन्स्की की रजामंदी या उनकी इतने बड़े आर्थिक तथा सामरिक नुकसान के बाद मजबूरी भी हो सकती है। इसके अलावा फ्रांस,अमेरिका, ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया युद्ध विराम के अंदरूनी तौर पर इच्छुक हैं या नहीं इसके समीकरण को समझना कठिन है क्योंकि अमेरिका ब्रिटेन तथा फ्रांस सामरिक अस्त्र-शस्त्र बेचने वाले देश हैं युद्ध चलता रहेगा तो उनके अस्त्र-शस्त्रों की बिक्री भी जारी रहेगी, ये देश पूर्व में यदि चाहते तो युद्ध विराम हो सकता था पर उनकी चाहत युद्ध रुकवाने की है ऐसा स्पष्ट रूप से समझ में नहीं आता। क्योंकि अमेरिका सदैव वैश्विक स्तर पर छोटे-छोटे देशों को आपस में लड़वाने भिडवानें की रणनीति में सदैव पारंगत रहा है तथा और रूस यूक्रेन युद्ध रुकने से उसकी शक्ति तथा उसके निर्यात पर बड़ा फर्क पड सकता है दूसरी तरफ अमेरिका में 5 नवंबर 24 को राष्ट्रपति के चुनाव होने जा रहे हैं उसमें रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप तथा डेमोक्रेट पार्टी की कमला हैरिस चुनाव की प्रत्याशी हैं यदि कमला हैरिस चुनाव जीतती है तो युद्ध के रुकने की संभावना कम दिखाई देती है इसके अलावा यदि डोनाल्ड ट्रंप जीतते हैं तो उन्होंने जैसा की पहले से ही घोषणा करके रखी है कि वह विश्व युद्ध नहीं होने देना चाहते ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव के परिणामों का भी रूस यूक्रेन युद्ध पर प्रभाव पड़ सकता है। अब भारत की रूस यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण तथा वैश्विक शांति को स्थापित करने में वैश्विक स्तर पर अहम होगी।

## एक नजर

### पीएम जनमन योजना के तहत जिले में 346 आवास पूर्ण

**धमतरी 10 सितम्बर।** अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बीते 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन की शुरुआत की गई थी। इसमें लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-जनमन योजना 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ा गया है। इस योजना का मकसद इन इलाकों के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इसके अलावा इस योजना के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं में भी सुधार किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत 100 या उससे ज़्यादा आबादी वाले गांवों और बस्तियों में सड़क संपर्क, हर बस्ती में दूरसंचार संपर्क, स्थानीय रूप से पसंद की गई डिज़ाइन के मुताबिक पक्का घर, शौचालय और स्वच्छ पेयजल की सुविधा,विद्युत और सौर ऊर्जा की सुविधा, स्कूल से जुड़े छात्रावास, मोबाइल मेडिकल यूनिट, व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता है। जिले में प्रधानमंत्री मंत्री जनमन आवास योजना लाभ विशेष पिछड़ी जनजाति कमार क़ो दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री नम्रता गाँधी की सुनियोजित योजना के चलते कमार बसाहटो में आवास निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने हेतु गत 20 जनवरी 2024 को कुड़िया दिवस आयोजित कर जिले की धमतरी, मगरलोड और नगरी विकासखंड के 122 बसाहटों के 716 कमार परिवारों के घरों कि नींव क्षेत्र एक साथ रखी गई। धमतरी जिला प्रदेश में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण करने वाला पहला जिला बन गया है। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पांहदा निवासी देवकी कमार ने 50 दिवस में अपना आवास निर्माण पूर्ण एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कुल 1263 आवास स्वीकृत किये गये हैं, जिनमें से 1212 लोगों को प्रथम किश्त का भुगतान किया गया, 920 प्लिंथ गैप, 749 को द्वितीय किश्त, रूफ कास्ट 185 और 346 आवास पूर्ण हो गये।

### जिले में अब तक 1405.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 10 सितंबर।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1882.3 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 992.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 1485.8 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 1177.8 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 1038.5 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 1826.8 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 1432.1 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 1405.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 08 सितंबर को सर्वाधिक वर्षा गादीरास तहसील में 46.2 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 44.0 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 30.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 27.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 24.8 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 23.4 मिलीमीटर , और जगरगुण्डा तहसील में 23.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार 31.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आमदी के नया तालाब की लोगों ने की सफाई

**धमतरी 10 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायां में स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आमदी नगर पंचायत स्थित नया तालाब में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, और नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान संचालित कर नया तालाब की साफ-सफाई की। इस दौरान तालाब में फेंके गये प्लास्टिक के बोतल, पॉलीथीन, कपड़ों सहित अन्य सामग्री को निकाला गया एवं सुरक्षित निपटान किया गया। वहीं तालाब के किनारे उगे खरपतवार को भी हटाया गया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही गांव एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल व्यवहार करने की आवश्यकता, खुले में कचरा को फेंकने या जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव, कचरा प्रबंधन में गीला एवं सूखा कचरा की पहचान व वर्गीकरण तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी।

### कांग्रेस पार्टी में कक्का नही कंस रहते हैं:राधिका खेड़ा

**रायपुर 10 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की नेत्री राधिका खेड़ा ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए यह सवाल उठाया है कि कांग्रेस जिस प्रकार से विगत चार-पांच दिनों से कानून-व्यवस्था को लेकर हायतौबा मचा रही है, क्या यह किसी बड़ी घटना को छुपाने की कवायद है? सुश्री खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय में खुद के राष्ट्रीय प्रवक्ता से दुर्व्यवहार होता है, जो अपनी घर की बेटियों को न्याय नहीं दिला पाते वे प्रदेश के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं रखते। भाजपा नेत्री सुश्री खेड़ा ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं हुआ। कांग्रेस पार्टी में कक्का नही कंस रहते हैं। जो अपनों को भी नहीं छोड़ते। कंस ने भी अपनी बहन के बच्चों को भी नहीं छोड़ा कांग्रेसी भी बहन बनाकर बुलाते है और अपमान करने का एक मौका नहीं छोड़ते है। भाजपा नेत्री सुश्री खेड़ा ने प्रदेश में महिला अपराध की कथित घटनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की बात पर कहा कि कांग्रेस पार्टी में महिला खुद ही सुरक्षित नहीं है। मेरी बात हो या फिर अर्चना गौतम की बात हो जिससे प्रियंका गांधी के सचिव ने दुर्व्यवहार किया था। महिला कांग्रेस को सबसे पहले उन्हें न्याय दिलाना चाहिए। भाजपा नेत्री सुश्री खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अनेक आपराधिक घटनाएँ कांग्रेस कार्यालय के भीतर ही हुई हैं, जिसमें उनके सन्निकार कर्मकार मंडल के तत्कालीन अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल ने अपने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के सामने कांग्रेस के महामंत्री से गाली-गलौज और हाथापाई तक की, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# एक सप्ताह से लगातार बारिश 25 परिवारों का उजड़ा आशियाना

## जिले के सभी स्कूल एहतियातन नही लगाए जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 10 सितंबर।** बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से सुकमा जिले में आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है. इस आफत की बारिश ने 20 से 25 परिवारों का आशियाना ढहा दिया है. लगातार बारिश से बारिश का पानी नेशनल हाईवे में चढ़ गया है. साथ ही शबरी नदी अपने खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. सुकमा में आफत की बारिश से बाढ़ के हालात- 8 सितंबर को दोपहर के समय सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के चितलनार अचानक बाढ़ आ गई. बारिश से नेशनल हाइवे गीदम नाला, डुब्बटोटा, एर्राबोर व पड़ोसी राज्य ओडिशा को जोड़ने वाली सड़क पर बने झापरा पुल के ऊपर से पानी बह रहा है. जिससे आवाजाही पूरी तरह बंद है. सैकड़ों गाड़ियों के पहिये थम चुके हैं. बारिश से कई लोगों के घर टूटे- सुकमा के साथ ही पूरे बस्तर संभाग में लगातार बारिश हो रही है. बाढ़ के कारण छिंदगढ़ विकासखंड के 20 से 25 घर ढह गए. जिसके बाद ग्रामीणों के सिर से उनका आशियाना छिन गया. जिसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. सभी घरों के परिवारों को स्कूल और पंचायत भवन में राहत शिविर केंद्र बनाकर ठहराया. सभी के लिए भोजन के अलावा जरूरी सामग्री उपलब्ध कराया गया. लाइट के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी की गई. भारी बारिश को देखते हुए सुकमा कलेक्टर ने आज जिले के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश रविवार देर शाम जारी कर दिया।



# जलस्तर में वृद्धि के मद्देनजर प्रभावितों को शिविरों में किया जा रहा शिफ्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 सितंबर।** जिले में पिछले दो दिवस से अनवरत वर्षा होने से आसपास के छोटे-बड़े नदी-नालों के जल स्तर में वृद्धि होने के कारण सड़क और बसाहट भी प्रभावित हुए हैं। कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जल स्तर में लगातार वृद्धि होने की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए तत्काल प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं मुनादी के माध्यम से आम लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा पुल-पुलिया के ऊपर पानी बहने की स्थिति में पार नहीं करने सम्बन्धी अपील की जा रही है। शिफ्टिंग हेतु नगर पालिका परिषद सुकमा में बाढ़ प्रभावितों हेतु राहत शिविर का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें वार्ड क्रमांक 12 हेतु शासकीय माध्यमिक शाला शबरी नगर, वार्ड क्रमांक 08 हेतु शासकीय जनपद शाला, वार्ड क्रमांक 09 हेतु शासकीय हाई स्कूल तथा वार्ड क्रमांक 2 हेतु शासकीय बापूराव कॉलेज छात्रावास में प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर स्थल चिन्हांकित किया गया है। जहां पर प्रभावित लोगों को शिफ्ट किया जा रहा हैं।

कलेक्टर श्री हरिस एस. ने प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत पेयजल एवं भोजन की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बस यात्रियों के लिए भी भोजन पैकेट की व्यवस्था किये जाने कहा गया है। यात्रियों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था के मद्देनजर बसों को बसाहटों में रोकने के निर्देश दिए गए हैं।



# शवदाह शेड की जगह बदलने से शक्तिपीठ के दर्शनार्थियों को असुविधा

■ मंदिर तक पहुंचने लगा धुंआ, टेंपल कमेटी की बैठक में जता चुके आपत्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा10 सितंबर।** शक्तिपीठ दंतेश्वरी मंदिर के सामने डंकनी नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम में शवदाह शेड की जगह बदलने से नई समस्या खड़ी हो गई है। पहले यह शेड पीपल व वट पेड़ के नीचे बनाया गया था, जिसे सौंदर्यीकरण के नाम पर हाल ही में जिला निर्माण समिति ने शेड की जगह बदलवा दी। अब इसे मंदिर की तरफ वाले हिस्से में बनवा दिया गया है, जिससे मंदिर व शेड के बीच की दूरी तो घट ही गई है, बीच मे खुली जगह होने से दाह संस्कार के दौरान तेज हवा से धुंआ मंदिर की तरफ या डंकनी नदी की तरफ नए पुल पर आने लगा है। इससे दर्शनार्थी असहज महसूस करने लगे हैं। हाल ही में टेंपल कमेटी की बैठक में शेड की नई जगह को लेकर आपत्ति जताई गई थी। साथ ही मुक्ति धाम को दूसरी जगह शिफ्ट करने का सुझाव भी दिया गया। शासकीय ब्वॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल (वर्तमान नाम स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल) के पीछे डंकनी नदी किनारे शिफ्ट करने का सुझाव कुछ सदस्यों ने दिया था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे टेंपल कमेटी सचिव व एसडीएम जयंत नाहटा ने इस पर विचार की बात कही थी। वर्तमान में मुक्तिधाम के बड़े हिस्से का सौंदर्यीकरण कर इसमें गार्डन, दर्शनार्थियों के लिए पार्किंग व काम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन शवों के अंतिम संस्कार के बीच लोग कैसे यहां पर विश्राम कर पाएंगे, इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। मंदिर से जुड़े पुराने जानकारों के मुताबिक वर्तमान में जिस जगह को मुक्तिधाम बनाया गया है, वहां पूर्व में रानी बगीचा हुआ करता था। रियासत काल में बस्तर महाराजा पूरे लाव-लश्कर के साथ आकर इस जगह पर रूककर स्नान आदि करते थे। इसके बाद ही मंदिर में दर्शन करते थे। इस जगह पर कुछ दशक पहले शवों का अंतिम संस्कार होने लगा, तो इसे मुक्तिधाम में बदलते देर नहीं लगी।



## समाचार संक्षेप

### बैटरीचलित ट्रायसिकल मिलने से दिव्यांग लक्ष्य की खिल उठी मुस्कान




**उत्तर बस्तर कांकेर, 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार दिव्यांगजनों की जीवनचर्या को आसान बनाने लगातार कार्य कर रहीं है। समाज कल्याण विभाग की ओर से उन्हें सहायक उपकरण एवं अन्य सामग्री निःशुल्क वितरित की जा रही है। जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम हाराडुला निवासी कक्षा 8वीं के छात्र श्री लक्ष्यजीत कोर्राम के चेहरे पर तब मुस्कान खिल उठी, जब कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने उन्हें कलेक्टोरेट परिसर में बैटरीचलित ट्रायसिकल की चाबी सौंपी। दिव्यांग श्री लक्ष्यजीत के पिता श्री बीरचंद कोर्राम ने बताया कि इससे उनके बेटे को स्कूल व अन्य जगहों पर आने-जाने में काफी आसानी होगी। साथ ही अपने दैनदिनी कार्य संपादित करने में भी सहूलियत होगी। इसके पहले लक्ष्यजीत के पास पुरानी ट्रायसिकल थी, जिसे हाथों से चलाने में काफी मेहनत करनी पड़ती थी। श्री कोर्राम ने कहा कि अब उनका बेटा बैटरीचलित ट्रायसिकल का एक बटन दबाकर व हैण्डल घुमाकर कही भी आ-जा सकेगा। दिव्यांग लक्ष्यजीत और उनके पिता ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

### पीएम जनमन योजना:रेवती बाई कमार के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**उत्तर बस्तर कांकेर, 10 सितंबर।** केंद्र शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) का लाभ प्रदेश के पीव्हीटीजी बसाहट वाले सुदूर अंचलों तक पहुंच रहा है। जिले के नरहरपुर विकासखंड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) समूह के लोगों को भी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में काफी सुधार हो रहा है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम- बादल निवासी श्रीमती रेवती बाई ऐसी हितग्राही हैं, जिनका प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) से उनका पक्का मकान का सपना साकार हो गया है। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड से लगभग 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम बादल की रहने वाली श्रीमती रेवती बाई ने बताया कि पहले वे अपने परिवार के साथ कच्चे एवं पुराने मकान में निवास करती थीं, जिसमें बरसात के दिनों में जीवन-यापन करने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। साथ ही मिट्टी एवं खपरैल का घर होने के कारण बारिश में पानी का टपकना, जमीन में सीलन आने के साथ जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता था। योजना के तहत् अब पक्का मकान बनने के बाद इन सभी परेशानियों से निजात मिल गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के तहत् ग्राम पंचायत स्तर पर वर्ष 2011 की सर्वे सूची एवं ग्रामसभा के माध्यम से आवास निर्माण हेतु वर्ष 2023-24 में स्वीकृत हुआ। इसके बाद उन्हें 02 लाख रुपए की राशि चार किश्तों में सीधे उनके बैंक खाते में मिली तथा मनरेगा के माध्यम से 95 दिवस की मजदूरी की राशि भी प्राप्त हुई। श्रीमती रेवती ने बताया कि कच्चा जर्जर मकान में अपने परिवार के साथ बड़ी मुश्किल से गुजारा कर रही थीं, किन्तु अब प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) जनमन योजना से आवास में एक कमरे सहित एक किचन, बरामदा एवं शौचालय का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि अब वे पहले से बेहतर जीवन यापन कर रही हैं। श्रीमती रेवती बाई ने पक्का आवास का सपना पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।



### महला नाले में आई बाढ़ में फंसे अंतागढ़ नपाध्यक्ष को पुलिस ने सुरक्षित निकाला

**उत्तर बस्तर कांकेर,10सितंबर।** कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक के नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग आज वाहन सहित कोयलीबेड़ा क्षेत्र के महला नाले में सहसा आई बाढ़ में फंस गए थे, जिन्हें तत्काल पुलिस की रेस्क्यू टीम के द्वारा वहां से निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेंडी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दूरभाष पर अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और नगर पंचायत अध्यक्ष के वहां से सुरक्षित ढंग से निकाले जाने के बारे में हालचाल जाना, साथ ही जिले के कलेक्टर और एसपी को त्वरित रेस्क्यू कराने के लिए निर्देशित किया। पानी के बहाव में बाल-बाल बचने और नया जीवन मिलने पर श्री नाग ने मुख्यमंत्री श्री साय को उनकी तत्परता के साथ मदद के लिए बारम्बार आभार माना और कहा कि प्रदेशवासियों के दुख-दर्द में भी आदिवासी मुख्यमंत्री श्री साय सदैव साथ हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार से लगातार हो रही बारिश से जिले के नदी-नाले उफान पर हैं।

# किसान दिवस पर मुख्यमंत्री ने जिले की महिला कृषक निर्मला भास्कर को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,10 सितंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बलराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों जिले के ग्राम गोटुलमुण्डा की महिला कृषक श्रीमती निर्मला भास्कर को आज श्री अन्न उत्पादक उत्कृष्ट कृषक सम्मान प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम मौजूद थे। महिला कृषक की इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में आज किसान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित एवं प्रगतिशील कृषक श्री अजय मण्डावी, श्री भरत मटियारा सदस्य बीज प्रमाणीकरण संस्था ने किसानों को गौपालन एवं प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए खेती में लागत कम करके लाभ को बढ़ाने की बात कही। जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम ने गौ आधारित कीटनाशक एवं उर्वरकों को अपनाने का आह्वान किया। जनपद पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री ईश्वर कावड़े ने कृषकों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए रसायन मुक्त खेती करने पर जोर दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. साहू ने गौ आधारित जैविक खेती तथा रसायन व कीटनाशक मुक्त कृषि करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिले में प्राकृतिक खेती अपनाने वाले कृषकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया गया।



### मेडिस्टाइनल ट्यूमर की अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में सफल सर्जरी

**रायपुर. 10 सितम्बर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में क्रमशः दो मरीजों के छाती के अंदर और हार्ट के ऊपर स्थित दुर्लभ मेडिस्टाइनल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन डॉ. कृष्णकांत साहू (विभागाध्यक्ष) एवं टीम द्वारा किया गया। डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में एवं कुछ दिन के अंतराल में ही एक के बाद एक मेडिस्टाइनल ट्यूमर की ऐसी दुर्लभ तथा क्रिटिकल सर्जरी कर इस विभाग ने कीर्तिमान रच दिया। सर्जरी के बाद दोनों ही मरीज स्वस्थ हैं। इसमें से एक मरीज की उम्र 32 साल है तथा दूसरे मरीज की उम्र 05 वर्ष है। डॉ. कृष्णकांत साहू के अनुसार, पहले केस में 32 वर्षीय मरीज को 10 महीने से छाती में भारीपन, खाँसी एवं सांस लेने में तकलीफ थी। दो साल पहले मरीज को इस बीमारी के बारे में पता चला परन्तु ऑपरेशन के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। यह ट्यूमर (कैंसर) हार्ट के ऊपर स्थित था, एवं बांयें फेफड़े और फेफड़े की मुख्य नस (मेन पल्मोनरी आर्टरी) से चिपका था।

■ राजधानी सहित प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में मनाया गया किसान दिवस

# गौ-आधारित जैविक एवं प्राकृतिक कृषि से किसान होंगे खुशहाल:मुख्यमंत्री

**रायपुर 10 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि गौ-आधारित प्राकृतिक खेती किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोलेगी। जैविक खेती से जुड़कर धान के कटोरे के किसान समृद्ध होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय आज यहां जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित श्री बलराम जयंती - किसान दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर भगवान श्री बलराम जी की जयंती को हर वर्ष किसान दिवस के रूप मनाने का आव्हान भी किया। उन्होंने इस अवसर पर गौ-आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रेरित करने वाले उत्कृष्ट कृषकां को सम्मानित भी किया। समारोह की अध्यक्षता कृषि विकास तथा कृषक कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने की।

कार्यशाला में मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को भगवान श्री बलराम जी जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों की समृद्धि को प्राथमिकता में रखते हुए कृषक कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ। इस मंत्रालय के माध्यम से खेती-किसानी की बेहतरी और किसानों की आय बढ़ाने पर काम हो रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उद्यानिकी, मछलीपालन और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में किसानों की भागीदारी बढ़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। भगवान श्री बलराम जी की जयंती के मौके पर राजधानी सहित प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश की बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए खेती-किसानी पर निर्भर है। आज कृषि के क्षेत्र में अनेकों नवाचार हो रहे हैं, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले किसान साहूकार और महाजनों से अत्यधिक ब्याज दर पर पैसे लेने को मजबूर थे। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किसानों की पीड़ा को समझा और किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की व्यवस्था की। इसके परिणामस्वरूप किसानों को आज निःशुल्क अथवा बहुत की कम ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए किसानों को दिए। 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में 2000 करोड़ रुपए से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। सिंचाई सुविधाओं के बढ़ने से किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही हम पुराने सिंचाई परियोजनाओं को दुरूस्त करने का भी काम कर रहे है।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने समारोह को संबोधित करते हुए काह कि हमारे देश में भगवान श्री बलराम जी को कृषि का देवता माना जाता है। भगवान श्री बलराम के प्रमुख अस्त्र हल एवं मूसल हैं जो क्रमशः कृषि एवं प्रसंस्करण का प्रतीक हैं। वे हमेशा अपने साथ एक हल रखते थे इसीलिए उन्हें हलधर के नाम से भी जाना जाता है। श्री बलराम जी को गायें भी अतिप्रिय थीं और वे गौ-आधारित कृषि संस्कृति के प्रणेता भी माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के बीते इन 10 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार ने किसानों को प्राथमिकता में लेकर किसान हित में नीतिगत् फैसले लिए हैं, जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।



## एक नजर

### बारिश एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने जनता से एहतियात बरतने की अपील की

**बीजापुर,10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में लगातार बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है ऐसे कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जनसामान्य को एहतियात बरतने की अपील की है किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायता हेतु बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संपर्क करने का आग्रह किया ताकि हर संभव मदद की जा सके बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नंबर 7587291848 एवं नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर के मोबाइल नंबर 9165989716 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही अनुभाग स्तर पर भोपालपटनम एसडीएम 9329781207 , अनुभाग उसूर हेतु 9584603977 तथा भैरमगढ़ के लिए 8305418893 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कार्यशाला में प्राकृतिक व जैविक खेती पर जोर

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा भगवान बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में आयोजित किया गया। जिसके तहत प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन आज किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी उपस्थित रही। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही भगवान बलराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सीताराम पटेल भारतीय किसान संघ सारंगढ़ द्वारा किसानों को गौवंश आधारित टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने हेतु अपील किये। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.एस. राजपूत द्वारा कृषि को लाभदायक बनाने तथा कृषकों के आय को दुगुनी करने के लिये कृषि लागत को कम करने एवं समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाने हेतु सलाह दिये। डॉ. ए.के. सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ द्वारा किसानों को पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने के लिये प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने हेतु सलाह दियें। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में श्री रमेश बेहरा, सदस्य भारतीय किसान संघ एवं श्री दादूराम चंद्रा, प्रगतिषील कृषक द्वारा किसानों को खेती के विविधीकरण के बारे में बताया जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से सीधा प्रसारण प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी, श्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर, श्री मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण, डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं श्री सुरेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा किसानों को सम्बोधित किये। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र से डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. के.के.पैकरा, डॉ.के.डी. महंत, डॉ. सी.पी.एस. सोलंकी, डॉ. सविता आदित्य, डॉ. संदीप पैकरा, डॉ. कन्हैया पटेल, श्री आषुतोष सिंह व कृषि एवं जैव प्रौद्यगिकी विभाग, रायगढ़ से श्री एच. के. भगत सहायक संचालक कृषि, श्री सुकदेव सिदार कार्यालय उप संचालक कृषि आदि उपस्थित थे। इ

# हर समाज से लगाव है,सभी को यथा संभव सहयोग करने का प्रयास करूंगी:राशि महिलांग



**महासमुंद,10 सितंबर।** सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने वार्ड 27 सिविल लाईन सतबहनिया चौक में निर्मित साहू समाज के भवन में बाउंड्रीवाल व पिव्हर ब्लॉक निर्माण के लिए समाजजनों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया साहू समाज के भवन में बाउंड्रीवाल व पिव्हर ब्लॉक निर्माण के लिए पालिकाध्यक्ष ने अपनी निधि से कुल 3 लाख रुपए दिए है। जिसमें सामाजिक भवन में बाउंड्रीवाल व पिव्हर ब्लॉक का निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व समाजजनों की मांग पर श्रीमती महिलांग ने समाज को 8 लाख रुपए भवन के हाल और कमरों में टाइल्स हेतु सहयोग दिया था। भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि उनका सभी समाज से लगाव रहा है और हमेशा रहेगा। जब तक वे जनप्रतिनिधि रहेंगी वे सभी समाज को उनकी अपेक्षाअनुरूप यथा संभव मदद करती रहेंगी। इस पर साहू समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रीमती राशि महिलांग का आभार जताया और सभी समाजजनों को सामाजिक भवन में होने वाले निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए बधाई दी। इस दौरान समाज के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, मुन्नालाल साहू, मनोजकांत साहू, गौकरण साहू, नत्थूलाल साहू, नारायण साहू, शिवचंद साहू, विक्रमकांत साहू, रमेश साहू, सिद्धार्थ साहू, आशीष साहू, गणेशप्रसाद साहू, कौशल साहू, अनिल साहू, राकेश साहू, अजय साहू, विजय साहू, पप्पू साहू, दिलीप साहू, शारदा साहू, अभय साहू, राजदीप साहू, महिला समिति अध्यक्ष व पार्षद श्रीमती उर्मिला साहू, श्रीमती कृष्णा देवी साहू, श्रीमती रूपकुमारी साहू, श्रीमती उर्मिला अमृत साहू, श्रीमती सोनी रमेश साहू, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती फूलकली साहू, भावना साहू, सरस्वती साहू, इंदू साहू, अनुराधा साहू, ममता साहू समेत समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## मटका फोड़ एवं कुर्सी दौड़ में उत्साह से शामिल हुईं महिलाएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवापारा राजिम, 10 सितंबर।** समीपस्थ ग्राम परसदा में नवयुवक समिति के तत्वाधान में गौरा चौंक में तीजहारिनो के लिए मटका फोड़ एवं कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ससुराल से तीज पर्व मनाने मायके पहुंची बेटियाँ उत्साह के साथ बचपन को याद करते हुए कुर्सी दौड़ एवं मटका फोड़ कार्यक्रम में भाग लिया. जिसमे मटका फोड़ प्रथम राउंड में नीरा वर्मा एवं द्वितीय राउंड में मीना साहू प्रथम स्थान पर रही. वहीं कुर्सी दौड़ में बिमला साहू प्रथम एवं गोदावरी यादव द्वितीय स्थान पर रही. सभी विजेता प्रतिभागी को नवयुवक समिति द्वारा साड़ी एवं नगद राशि भेंटकर बेटियों का सम्मान किया गया. इस कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका पूरन लाल साहू (व्याख्याता) एवं उकेश कुमार तारक (शिक्षक) ने निभाई.कार्यक्रम का संचालन तिलक राम साहू, पिंटू हिरवानी, विनोद सेन ने किया.इस अवसर पर पूरन लाल साहू ने हरितालिका पर्व की बधाई देते हुए कहा कि तीजा का पर्व ही एक मात्र ऐसा अवसर होता है जिसमें सबको अपनी बचपन के संग सहेलियों से मिलने का अवसर मिलता है. सबसे मिलकर बचपन की यादें ताजा हो जाती है. वहीं एक दूसरे का हाल-चाल भी जानकर सुख -दुख की बाते कर लेते है.कार्यक्रम को सफल बनाने में नवयुवक समिति के सोनू साहू,ओंकार साहू, बीरबल साहू, ओंकार यादव,चंद्रशेखर सेन,कैलाश साहू, गज्जू वर्मा, कुलदीप सेन का सराहनीय योगदान रहा।

## कार्य में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई करें:अग्रवाल



**गरियाबंद,10 सितंबर।** जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने समय सीमा की बैठक में आज उपस्थित जिला के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया की कार्य में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ाई से कार्रवाई करें किसी भी किस्म की कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही आम जनों के लिए आने वाले आवेदन जो जन चौपाल मुख्यमंत्री शिकायत व अन्य योजनाओं में आम जनों से जुड़े हुए हैं उसका निराकरण तत्काल करें जिससे आम लोगों को राहत मिले ।साथ ही सड़कों और गली मोहल्ले में घूमने वाले आवारा पशुओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उनके मालिकों पर जुर्माना लगाए। साथ ही फर्जी वन पट्टा प्राप्त आवेदकों का पट्टा तत्काल निरस्त करें और जांच कर संबंधित गलत काम करने वालों पर कार्यवाही भी करें । जिला में स्वीकृत स्वास्थ्य भावनो का जल्द से जल्द निर्माण करें। विशेष कर पहुंच विहीन क्षेत्र में यथासंभव पहुंच हेतु सडक निर्माण का प्रस्ताव भेजे । पी एम श्री योजना के तहत मरम्मत होने वाले स्कूलों को प्राथमिकता से निरीक्षण करें और जल्द से जल्द भावनो को संबंधित शालाओं को सौंपे इस पर विशेष ध्यान रखें की गुणवत्ता में किसी भी किस्म की कोई कमी ना हो । सामाजिक पेंशन के आधार को भी प्रमुखता से बनाए रखें ।आर.बी.सी 6-4 के प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाएं। साथ ही मौसम को देखते हुए खाद बीज का उठाव बराबर हो इस पर किसी किस्म की कोई दिक्कत वह परेशानी आमजनो को नहीं होना चाहिए इस पर प्राथमिकता देवें ।इन प्रकरणों के साथ ही राजस्व प्रकरणों पर प्राथमिकता से निराकरण करें और गति देवें ।आंगनबाड़ी केद्रो में होने वाले सहायिका व कार्यकर्ताओं की नियुक्ती पारदर्शिता से और जल्द से जल्द पूरा करें। इस अवसर पर जिला के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

## वजन त्यौहार एवं पोषण माह के लिए अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**बीजापुर,10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 01 सितंबर 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिले में कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से पोषण माह अभियान संचालन किया जा रहा है। जन समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में ''राष्ट्रीय पोषण माह'' का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन एवं वजन त्यौहार आयोजन के प्रारंभिक तैयारी को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चकियार द्वारा परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षको का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया बैठक के दौरान पोषण माह अंतर्गत गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए स्थानीय स्तर पर समस्त सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों को पोषण माह गतिविधि एवं वजन त्यौहार आयोजन के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी हेतु निवेदन किया जाना है एवं पोषण एवं ग्राम पंचाय एवं ग्राम को स्वस्थ व सुपोषित ग्राम बनाने हेतु एवं कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने हेतु, एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, समग्र पोषण, बेहतर प्रशासन पारदर्शिता व कुशल सेवा वितरण के लिए प्रोद्योगिकी थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। ग्राम पंचायत स्तर पर अंतर विभागीय समन्वय कर स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिवधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, शालाओं में चित्रकला का आयोजन, शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा, ग्राम स्तर पर पंजीयन जागरूकता रैली, स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले पौष्टिक सब्जी/अनाज से बनाये गये व्यंजनों का प्रदर्शन, पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों का उन्मुखीकरण, राष्ट्रीय कृमि दिवस अंतर्गत कृमि नाशक गोलियों का वितरण, ऑगनबाडी केन्द्र एवं शालाओं में पोषण वाटिका का विकास, एनीमिया कैंप का आयोजन, आईएफए वितरण, पोषण आहार विविधिता के विषय में जागरूकता, पोषण प्रश्नोत्तरी, मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा, कॉलेजों एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। मितानिन एएनएम द्वारा कुपोषित बच्चों का ग्रीन एवं रेड किया जाना है। इस प्रकार पोषण माह के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। पोषण माह को सफल बनाने के लिए समुदायिक सहभागिता की आवश्यकता होगी। पोषण ट्रेकर एप्प में एन्ट्री की स्थिति को अद्यतन किये जाने हेतु आंगनबाडी कार्यकर्ता/सहायिका भर्ती को जल्द से जल्द करने एवं पोषण माह अंतर्गत गतिविधियों का नियमित एन्ट्री करने के लिए परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक को निर्देशित किया गया।

## भारी बारिश के बावजूद अपनी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन में



**बीजापुर,10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने पदभार ग्रहण के पश्चात ही माह के प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन आयोजित करने का फैसला लिया।आज जनदर्शन का शुभारंभ हुआ। जिले में भारी बारिश के बावजूद लोग अपनी -अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराने जिला कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण का आश्वासन भी दिया। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जनदर्शन के माध्यम से अधिक से अधिक समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु व्यापक रूप से जमीनी स्तर पर समुचित प्रचार -प्रसार भी किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप लोग बरसते पानी में बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिए। आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर के विभिन्न समस्याओं एवं मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें रोजगार,भवन निर्माण,वार्ड की समस्या एवं बुनियादी सुविधाएं, स्कूल, छात्रावास सहित अन्य आवेदन लेकर कलेक्टर के सम्मुख उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।

## माओवादी संगठन में निर्मित हुई आंतरिक कलह की स्थिति

**बीजापुर,10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उल्लेखनीय है कि विगत 08 महीनों में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा तेलंगाना राज्य के निवासी माओवादी कैडर छ्यर्स्ष्ट सदस्य जोगन्ना, छ्यर्स्ष्ट सदस्य रंधीर, ञ्स्ष्ट सदस्य, ष्ट्रष्ट कमाण्डर सागर, छ्ड्ढष्ट्ररू विनय उर्फ रवि जैसे शीर्ष माओवादी कैडर्स के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात बरामद की गई एवम् इस अवधि में महाराष्ट्र राज्य निवासी माओवादी कैडर,ष्ट्ररूसंगीता उर्फ सन्नी तथा उडीसा निवासी क्क्षष्ट्ररू लक्ष्मी का भी शव मुठभेड़ के पश्चात बरामद किया गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में अन्य प्रांत के रहने वाले शीर्ष माओवादी कैडर्स का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारा जाना छत्तीसगढ़ में पहली बार हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा एक रणनीति के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान स्थानीय माओवादी कैडर्स को एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये बाहरी राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स द्वारा मौके का फायदा उठाकर अपनी जान बचाकर भाग जाते हैं। लेकिन हाल-फिलहाल में हुये मुठभेड़ों के दौरान बाहर राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स की यह रणनीति विफल होते हुये नजर आ रही है।पुलिस को विश्वनीय सूत्रो से मिल रही आसूचना से यह बात सामने आ रही है कि वर्ष 2024 में तेलंगाना/उड़ीसा/महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांत के सीनियर कैडर्स की हो रही दुर्गति को देखते हुये माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मच गई है, जिससे बाहर के माओवादी कैडर्स द्वारा स्थानीय माओवादी कैडर्स के ऊपर संदेह एवं शक करते हुये, उन्हे कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे माओवादी संगठन में विश्वासघात व विद्रोह की स्थिति निर्मित हो रही है। उपरोक्त परिस्थिति में दिनांक 06 सितम्बर, 2024 को जिला कांकेर के थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत मलमपेंटा जंगल में राजनांदगांव-कांकेर डिवीजन के,ष्ट्ररूविज्जा मड़काम को उन्हीं के खुद के माओवादी संगठन के तेलगू कैडर नेता विजय रेड्डी के ईशारे पर माओवादियों ने संगठन के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाकर हत्या कर दिया गया।माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इन सभी अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये खुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झुठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है।पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि विगत दिनों माओवादी संगठन को बस्तर संभाग अंतर्गत दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ईलाका में भारी क्षति उठाना पड़ा है, जिसके कारण प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी संगठन अभी दिशा-विहीन एवं नेतृत्व विहीन हो चुका है। बाहरी प्रांत के शीर्ष माओवादी नेतृत्व विगत 30-40 वर्षा से स्थानीय माओवादी कैडर्स को सिर्फ एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये करोड़ों-अरबो रुपयों की लूट-खसोट की गई है। अब स्थानीय माओवादी कैडर्स के सामने बाहरी माओवादी कैडर्स बेनकाब होते जा रहे हैं, जिसके कारण से माओवादियों में आपस में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति बढ़ते जा रहा है।पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा यह भी बताया गया कि अब स्थानीय माओवादियों कैडर्स के पास हिंसा छोड़कर शासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है।

## राज्य स्तरीय उल्लास मेले में रायगढ़ जिले से 13 सदस्यीय टीम हुई शामिल



**रायगढ़, 10 सितम्बर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साईंस कालेज मैदान रायपुर में राज्य स्तरीय उल्लास मेले का उद्घाटन किया। मुख्य मंत्री ने उल्लास साक्षरता अभियान के लिए लगाई गई नवाचारी गतिविधि प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और असाक्षरों को अक्षर तथा अंक ज्ञान कराने के लिए यहां प्रदर्शित नवाचारी प्रयोगों की सराहना की। मुख्यमंत्री द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में एक लाख उल्लास साक्षरता केन्द्रों का वर्चुअली लोकार्पण कर दस लाख शिक्षार्थियों को शिक्षित करने का संकल्प दिलाया।प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शासकीय शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित सबके लिए शिक्षा डिजिटल साक्षरता की थीम पर बनी रंगोली की सराहना की। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के 13 प्रतिभागियों का दल जिला परियोजना अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा के अगुवाई में सम्मिलित हुआ। राज्य स्तरीय उल्लास मेले में जिले से 02 नवसाक्षर एवं 02 स्वयं सेवी शिक्षकों के साथ ही नवाचारी गतिविधियों के अंतर्गत टीएलएम की संभाग स्तरीय प्रदर्शनी में विकासखंड धरमजयगढ़ के नवाचारी शिक्षक निरंजन पटेल एवं विकासखंड पुसौर की नवाचारी शिक्षिका ओम कुमारी पटेल ने अपने द्वारा निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन किया।

## नगरपालिका में 14 से 1 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान



**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुंद में 14 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का थीम %स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता% है। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तीन मुख्य स्तंभ है स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से सम्पूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर एक व्यापक कार्य योजना (एक्शन प्लान) तैयार किया गया है। जिसमें नगर के समस्त जनप्रतिनिधि, ब्रांड एंबेसडर, व्यापारी संगठन, समाज सेवी संस्थान की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके बाद पूरे जोश व उत्साह के साथ अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। नगर पालिका सितंबर 2024 के दौरान एक मेगा कार्यक्रम भी आयोजित करेगी, जिसका थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता होगा. ये कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करेंगे और स्वच्छता के महत्व पर विशेष जोर देंगे। इस अभियान के तहत, आवासीय क्षेत्रों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता सम्बंधी कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उक्त गतिविधियाँ उचित अपशिष्ट प्रबंधन, सूखे और गीले कचरे को अलग करने और अपने आसपास साफ़ सफ़ाई बनाए रखने के बारे में जागरूक करेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय ने, सभी नागरिकों और हितधारकों से ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि महासमुंद शहर को स्वच्छ, सुंदर व हरा भरा बनाया जा सके।

# डॉ.पूर्णाश्री राउत ने ओडिसी नृत्य से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**रायगढ़, 10 सितम्बर।** सुर-ताल, छंद और घुंघरू के 39 बरस के अवसर पर चक्रधर समारोह के दूसरी संध्या की पहली प्रस्तुति में लोक गायन के रूप में श्री विजय शर्मा एवं टीम के छत्तीसगढ़ी गानों से दर्शक मंत्र मुग्ध हुए। उनके द्वारा गाए कोरी-कोरी नारियल चढ़े, महुआ झरे गानों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में विख्यात शास्त्रीय गायिका भोपाल की सुश्री वाणी राव ने अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से श्रोताओं को मोहित कर दिया। उनकी शास्त्रीय गायन में भगवान गणेश वंदना के पश्चात पूरिया धनाश्री में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल की प्रस्तुति ने समारोह में आध्यात्मिक और सांगीतिक माहौल बनाया। वाणी राव ने पारंपरिक रागों की खूबसूरत प्रस्तुति दी उनके सुरों की सादगी और भावप्रवणता ने समारोह में उपस्थित संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया।प्रसिद्ध ओडिसी नर्तक डॉ.पूर्णाश्री राउत ने भगवान जगन्नाथ को समर्पित धार्मिक पूजा गीत को ओडिसी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। ओडिसी नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार डॉ.पूर्णाश्री द्वारा मंच पर नृत्य का ऐसा रूप दर्शकों को देखने मिला कि सभी अपनी नजरें गड़ाए हुए उनके हर मुद्राओं और भाव-भंगिमाओं को कौतुहलवश निहारते रहे। उनके भाव भंगिमा युक्त ओडिसी नृत्य ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दर्शकगण भगवान जगन्नाथ के धार्मिक गीत आराधना देख भक्तिमय माहौल में डूब गए । दिल्ली से पहुंची कथक नृत्यांगना सुश्री दीपान्निता सरकार ने चक्रधर समारोह की दूसरी शाम मंच पर प्रस्तुति दी। नृत्य के दौरान उनकी भाव भंगिमाओं और मुद्राओं ने पूरे कार्यक्रम में समा बांध दिया। दीपान्निता सरकार कथक के लखनऊ घराने की हैं और प्रस्तुति दे रहे कलाकार सौरभ जयपुर घराने से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंच पर लखनऊ और जयपुर घराने का बेजोड़ संगम दर्शकों को देखने को मिला। पूरी प्रस्तुति के दौरान नर्तकों की पखावज, हारमोनियम बांसुरी और तबले के साथ संगत देखते ही बनती थी। दीपान्निता ने राजा चक्रधर सिंह के कला के क्षेत्र में उनके गौरवशाली योगदान को किया नमन किया और कहा कि हम कथक कलाकारों को राजा चक्रधर सिंह के बारे में पढ़ाया जाता है। हम कलाकार बचपन से उनके कला अवदानों के बारे में सीखते आए हैं। आज उनकी नगरी में हमें अपनी कला के प्रदर्शन का मौका मिल रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।भक्तिकाल के महान कवि कबीर का जीवन नृत्य विधा के जरिए चक्रधर समारोह के मंच पर तब सजीव हो उठा जब पद्मश्री रंजना गौहर ने ओडिसी नृत्य के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को दिखाया। रहस्यवादी कवि कबीर के अपने माता नीमा और पिता नीरू से संवाद और उनके जीवन के अलग-अलग पड़ावों, उनकी सीख और अनुभवों को पद्मश्री रंजना गौहर और उनके साथी कलाकारों ने नृत्य मुद्राओं से रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। कबीर के दोहों और भजन पर सुरमयी और लयबद्ध प्रस्तुति देखना दर्शकों के लिए अद्भुत अनुभव रहा। श्रीमती रंजना गौहर को ओडिसी नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदानों के लिए 2003 में प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह भारत के राष्ट्रपति से 2007 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी हैं। वे ख्याति प्राप्त नृत्यांगना होने के साथ ही प्रसिद्ध पटकथा लेखक, कोरियोग्राफर और फिल्म निर्मात्री भी हैं। उनका जन्म दिल्ली में हुआ, बचपन में कथक सीखने के बाद उन्होंने मणिपुरी नृत्य सीखा और ओडिसी नृत्य से साक्षात्कार होने पर उन्होंने अपना जीवन इसी नृत्य शैली को समर्पित कर दिया। उन्होंने डॉक्यूमेंट्रीज बनाकर ओडिसी नृत्य को पूरे देश में विशिष्ट पहचान दिलाई। उन्होंने अपनी किताब ओडिसी, 'द डांस डिवाइन' में ओडिसी नृत्य की बारीकियों को बताया है। ओडिसी ओडिशा राज्य की एक शास्त्रीय नृत्य शैली है।

## श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व पर किया गया अभिषेक और पूजन

# यदि जीवन में उन्नति चाहते हो तो झुकने की कला सीखो : अभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 सितम्बर।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो रहा है. आज पर्युषण पर्व का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है। सर्वप्रथम भगवान पुष्पदंत नाथ जी की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर पांडुक शीला में विराजमान की गई, पांडुक शिला में विराजमान होने के पश्चात आज का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य नवीन गदिया अभिनव मोदी को प्राप्त हुआ। सभी भक्तों ने मिलकर भगवान का मंगल अभिषेक किया। उसके पश्चात शांति धारा संपन्न हुई, आज की शांति धारा का सौभाग्य नवीन जतनी गदिया, अभिनव सुरभि मोदी को प्राप्त हुआ। शांतिधारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई। मंगल आरती के पश्चात प्रतिमा का मार्जन कर सभी भक्त धूमधाम से भक्ति के साथ श्रीजी की प्रतिमा को लेकर भक्ति नृत्य करते हुए बेदी में विराजमान किया।

आज की मंगल पूजा प्रारंभ हुई सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु की पूजा, सोलहकारण पूजा, रत्नत्रय पूजा, दशलक्षण पूजा, 24 तीर्थंकर का अर्ध महाअर्ध समर्पित कर पूजा संपन्न की गई।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने बतलाया धर्म का दूसरा लक्षण उत्तम मार्दव धर्म है। मार्दव संस्कृत भाषा का शब्द है,



जो मृदु है कोमल है, उसका जो भाव है उसे मार्दव कहते हैं। मद के नशे में व्यक्ति मदमस्त हो जाता है और वह अपने को उच्च तथा दूसरों को तुच्छ समझने लगता है। वह अपनी प्रतिष्ठा के लिए दूसरों की निंदा व अपनी प्रशंसा करता है। मानी व्यक्ति मान सम्मान की प्राप्ति के लिए सब कुछ करने को तैयार रहता है। हमारे दुख का मूल कारण हमारा अपना अहंकार है, अहंकार इस जीव का सबसे बड़ा शत्रु है, जो सारे गुण को क्षण भर में नष्ट कर देता है। मान कषाय को छोड़ना अत्यंत कठिन है, क्योंकि इसकी सूक्ष्म कनिका आत्मा में बैठी रहती है, और आंखों में पड़ी किरकिरी की भांति कष्ट पहुंचती रहती है। दुनिया में आज तक किसी भी अहंकारी व्यक्ति का कल्याण ना हुआ है और ना होगा। अहंकारी व्यक्ति नियम से दुर्गति में ही जाता है। यदि जीवन में उन्नति करना चाहते हो तो झुकने की कला सीखो। जो झुकना जानता है उसका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जो ज्ञानी पंडित हो उन्हें भी ज्ञान का मद नहीं करना चाहिए, मैं एक अल्प ज्ञानी हूं। ज्ञान का मद करना मेरी मूर्खता है, धन का मद करना भी व्यर्थ है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश मोदी, नवीन गदीया, आलोक मोदी, अभिनव, अभिनंदन, अक्षत, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अनुराग जैन, अंकुश जैन, संदीप सनत कुमार जैन, पंकज गदीया, नितिन गदीया, नैतिक गदीया, शोभा लाल जी जैन, अरिंजय आदि, अंशु मोदी, लाला जैन, निशी हैं आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों को दी गई विदाई

#### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की सेवा की सराहना



**तिल्दा नेवरा, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए 01 निरीक्षक (एम), 01 उपनिरीक्षक एवं 03 प्रधान आरक्षकों को विदाई दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर तथा रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा ने सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दिये। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में निरीक्षक(एम) सुश्री सविता बनवासी, उपनिरीक्षक अनुपसाय, प्र.आर. महेश कुमार वर्मा, प्र.आर. अमृतलाल प्रधान एवं म.प्र.आर. श्रीमती सुल्ताना जुबेदा शामिल हैं। प्रधान आरक्षक महेश कुमार वर्मा वर्ष 1988 में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर जिला-रायपुर में भर्ती होकर थाना-बलौदा बाजार, सुहेला, तिल्दा नेवरा, सिविल लाईन, खम्हारडीह, खरोरा, आरंग एवं पुनः तिल्दा नेवरा में सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए इस दौरान पुरे सेवा काल मे एक पदोन्नती प्राप्त कर 36 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है।

### कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों के लिए 24 घण्टे में स्वीकृत की 28 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम मोहतरा में रविवार अपरान्ह में आकशीय बिजली की चपेट में आने से 7 लोगों की मृत्यु की घटना को कलेक्टर दीपक सोनी ने गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए घटना के 24 घण्टे के अंदर ही सोमवार को मृतक के परिवारों के लिए आर्थिक सहयता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। यह राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये के मान से कुल 28 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर सोनी ने रविवार को जिला अस्पताल में मृतकों के परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया था और राजस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 सितम्बर 2024 को आकाशीय बिजली गिरने से तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम मोहतरा निवासी थानेश्वर साहू पिता मोहन साहू, पोखराम विश्वकर्मा पिता दुखुराम विश्वकर्मा, संतोष साहू पिता महेश राम साहू, देव कुमार देवदास पिता गोपाल देवदास, सुरेश साहु पिता राजन साहू, टंकार प्रसाद साहू पिता एम लाल साहू तथा तहसील बलौदाबाजार के ग्राम रसेड़ी निवासी विजय कुमार साहू पिता तिलक राम साहू की मृत्यु हो गई थी। मृतक थानेश्वर साहु के वैध वारिसान मोहन साहू पिता बलिराम साहू, मृतक पोखराम विश्वकर्मा के निकतम वारिसान पत्नी आकाती विश्वकर्मा, मृतक संतोष साहू के निकतम वारिसन पत्नी यशोदा साहू, मृतक देवकुमार देवदास के निकटतम वारिसान पिता गोपाल देवदास, मृतक सुरेश साहू के निकतम वारिसान पिता राजन साहू, टंकार प्रसाद साहू के निकटतम वारिसान पिता एम लाल साहू तथा मृतकविजय कुमार साहू के निकटतम वारिसान पिता तिलक राम साहू प्रत्येक को राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 क्रमांक 4 की कंडिका 6 क (1) के तहत 4-4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर ने स्वीकृत अनुदान राशि मृतक के वैध वारिसान को आरटीजीएस के माध्यम से सम्बंधित अहरण एवं संवितरण अधिकारी को खाता में भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

■ **मोहतरा में 7 लोगों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई थी मृत्यु**

## एक नजर

### डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम परिवर्तन करना कुर्मी समाज का अपमान : लोकेश्वर

**छुरा, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डॉ.खुबचंदबघेल स्वास्थ्य सहायता योजना जो इतने वर्षो से स्वचारू रूप से प्रदेश में संचालित हो रहा था, अब सरकार के द्वारा उनके नाम से संचालित योजना का नाम परिवर्तन कर दूसरे नाम से चलाया जा रहा है, जो कुर्मी समाज के गौरव डॉ.खुबचंद बघेल जी के नाम को धूमिल करने का प्रयास है। छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी समाज के जिला गरियाबंद के उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमैन लोकेश्वर वर्मा ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम परिवर्तन कर शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना करने पर कहा है कि एक महापुरूष का नाम विलोपित कर दूसरे महापुरूष का नाम प्रतिस्थापित करना छत्तीसगढ़ की संस्कृति नहीं है।डॉ.खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के स्वप्नदृष्टा ही नहीं बल्कि वे स्वतंत्रतता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक, राजनेता तथा छत्तीसगढ़ राज्य अस्मिता व स्वाभिमान के प्रतीक भी रहे है।राज्य सरकार के इस कृत्य से छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा पर गहरा कुठाराघात हुआ है यदि सरकार को शहीद वीर नारायण सिंह को सम्मान देना ही है तो किसी एक महापुरूष का नाम विलोपित करने के बजाय एक नवीन योजना का नाम देकर उसका सम्मान दे सकते है।



### जनसमस्या निवारण शिविर अब 19 को

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा विकासखंड के ग्राम कुथरौद में 11 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। शिविर तिथि में संशोधन कर दिया गया है। अब उक्त शिविर 19 सितम्बर 2024 को पूर्व निर्धारित स्थल परआयोजित होगा।

### आकाशीय बिजली से अलर्ट करेगा दामिनी एप कलेक्टर ने की डाउनलोड करने की अपील

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित की गई है। इस एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान(20 से 31 किलोमीटर का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिले में आकाशीय बिजली गिरने से जन एवं पशु हानि की बढ़ती घटना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी विभाग प्रमुखो एवं मैदानी अमलों को दामिनी एप्प डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों को इस एप्प को डाउनलोड करने की अपील की है। दामिनी एप्प को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाईल पर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके साथ ही मेघदूत एप्प तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा से सम्बंधित है जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 'राधेश्याम शर्मा ने लूट के आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की

**भाटापारा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनो भाटापारा लिमतरा मार्ग मे ग्राम मर्राकोना के पास नकाबपोशों के द्वारा एक सराफा व्यापारी के साथ बंदूक की नोक पर किये गये लूटपाट की घटना की निंदा करते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज ने की है।उन्होने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाटापारा लिमतरा मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है जहां चौबीसों घंटे आवागमन चलता है ऐसे मे शाम 7 बजे मर्राकोना गांव के समीप इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यजनक है एवं आम लोगो के लिए चिंता का विषय भी है पुलिस प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए जिससे आपराधिक गतिविधि करने वालो मे भय रहे। शर्मा ने आगे कहा इस मार्ग पर तरेंगा, रोहरा, आदि स्थानों पर लूट की घटना घटित हो चुकी है उन्होंने पुलिस प्रशासन से गस्त बढाये जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।शर्मा ने आगे कहा कि इस तरह की लूटपाट, चोरी डैकती, दुष्कर्म की घटनाएं पूरे प्रदेश से आये दिन सुनने को मिल रहा है जिसे देख ऐसा लगता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है अपराधियों पर कोई नियंत्रण नही रह गया है, आज पूरे प्रदेश मे आपराधिक गतिविधियां बढने से प्रदेश के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



# एक ही चालक के भरोसे है 16 उप स्वास्थ्य केंद्र और 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के 102 वाहन

## दिन भर ड्यूटी के बाद मरीजों की समस्याओं को देखते रात में भी ड्यूटी करने को मजबूर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 सितम्बर।** छुरा विकासखण्ड व गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत रसेला एवं पीपरछेड़ी क्षेत्र में 16 उप स्वास्थ्य केन्द्र है वहीं रसेला एवं पीरछेड़ी कर दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है।जिसमें स्वास्थ्य विभाग के 102 वाहन को चलाने हेतु एक वाहन चालक ही है जो दिन भर तो ड्यूटी करता है और रात्रि शिफ्ट के लिए वाहन चालक नहीं है किन्तु रात में क्षेत्र के मरीजों की समस्याओं को देखते हुए वे रात में भी ड्यूटी करने मजबूर हैं।वहीं ग्रामीण क्षेत्र होने के चलते रात में ग्रामीणों को 102 वाहन चालक नहीं होने से कई बार काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि यहां दिन और रात के ड्यूटी के लिए दो वाहन चालकों की नितांत आवश्यकता है पर अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है और एक वाहन चालक के भरोसे ही काम चल रहा है।जबकि पूर्व में यहां 102 के दो वाहन चालक थे वहीं नया टेंडर होने के बाद एक ही वाहन चालक के भरोसे काम चल रहा है। साथ ही क्षेत्र के लोगों की मांग है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में एक 108 वाहन या एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाए। चुंकि इस क्षेत्र में सड़क खराब है और छुरा या गरियाबंद से 108 वाहन आने में ज्यादा समय लगता है।वहीं दुरस्थ वनांचल क्षेत्र होने के चलते इमरजेंसी केस व मरीजों के लिए 108 या एक एंबुलेंस की यहां नितांत आवश्यकता है।

> वहीं इस मामले पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और इसे देखते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।
>
> **जनक ध्रुव, बिन्द्रानवागढ़ विधायक**
>
> वहीं छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ कीर्तन साहू ने भी इस समस्या पर कहा कि ये वनांचल क्षेत्र है और दो वाहन चालकों की नितांत आवश्यकता तो है मैं अपने विभाग के आलाधिकारियों से इस पर चर्चा कर समस्याओं से अवगत कराऊंगा।
>
> **डॉ. कीर्तन साहू, बीएमओ**

# केआर सिन्हा को शिक्षक शिरोमणि सम्मान

## शिक्षा, सामाजिक उत्थान, उत्कृष्ट कला कौशल के लिए किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 सितम्बर।** त्रिवेणी संगम साहित्य समिति के तत्वाधान में संभाग स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन चतुर्भुजी आश्रम सिरकट्टी में किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अथक परिश्रम, निःस्वार्थ सेवा, परोपकार, सामाजिक उत्थान, नवचेतना विकसित करने एवं कला कौशल से समाज को नई दिशा प्रदान करने के अमूल्य योगदान हेतु द टाइगर ऑफमेथेमेटिक्स की उपाधि प्राप्त से.नि. व्याख्याता के.आर. सिन्हा को शिक्षक शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। से.नि. व्याख्याता के.आर. सिन्हा ने 43 वर्षों तक आदर्श शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य किए हैं जिनमें प्राथमिक शाला से लेकर विविध पदों पर कार्य करते हुए समन्वयक प्राचार्य तक का सफर तय किए।



गणित एवं वाणिज्य विषय के विशेषज्ञ होने के साथ-साथ, रेडक्रास, स्काउटिंग गतिविधियों द्वारा अनेक बच्चों को राज्यपाल, राष्ट्रपति अवार्ड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओपन स्कूल के प्रभारी रहे। दूरस्थ माध्यम से डीएलएड प्रशिक्षण के भी समन्वयक के पद पर आसीन रहे। आदर्श शिक्षक होने के अलावा कुशल नाड़ी वैद्य के रूप में विख्यात हैं। पीलिया रोग विशेषज्ञ के रूप में भी जाने जाते हैं। 75 वर्षीय सिन्हा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। राघवेन्द्र मानस संघ के संरक्षक, मानस मर्मज्ञ, जसगीत गायक, लोकगीतों के रचनाकार, गायक, स्वावलंबन के मिसाल के रूप में भी जाने जाते हैं। काष्ठकारी, सिलाई, कृषि कार्य, नियमित साइकिलिंग, लोक संस्कृति के संवाहक, माता मौली के अनन्य भक्त के रूप में प्रख्यात हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्रम्हलीन संत सिया भुवनेश्वरी शरण महाराज जी के सूक्ष्म सानिध्य में चतुर्भुजी सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने किया। विशेष अतिथि के रूप में लालाराम साहू, वैद्यराज ओमप्रकाश साहू, नूतन राम साहू विराजमान थे। कार्यक्रम के संयोजक मकसूदन साहू बरीवाला एवं मुख्य वक्ता श्रवण कुमार साहू प्रखर थे। शिक्षक शिरोमणि सम्मान से सम्मानित होने पर साहित्यकार ललित साहू, देवनारायण यदु, संतराम कंवर, ठेठवार यादव समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं समन्वयक शंकर लाल यदु, राघवेंद्र मानस संघ अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष रोहित जगत, सहसचिव खोरबाहरा निषाद, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, शाकंभरी मरार समाज प्रांतीय मंच संचालक हेमलाल पटेल, नेशन्स प्राईड पब्लिक स्कूल प्राचार्य संतोष निषाद, शिक्षक कीर्ति कुमार तारक, योग साधक नितेश साहू, कृष्णेश यदु आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मि.शन प्राधिकरण दीपक सोनी के निर्देशानुसार केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 01 से 08 सितम्बर 2024 तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन जिला के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सफलतापूर्वक किया गया। अंतिम दिन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार के प्रांगण में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साहित्यकार, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति, स्वयंसेवी शिक्षक, शिक्षार्थियों की सहभागिता रही।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. निशा झा ने अपने सम्बोधन में कहा कि साक्षरता के कारण लोगो में जागरूकता आई है। आज विभिन्न महिलाएं पापड़, बड़ी आचार इत्यादि तैयार कर घर-घर बेच रही है व ब्यूटी पार्लर का कार्य कर रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् एवं महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर रमाकांत झा ने कहा कि आजादी के समय हमारे देश की साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 84 प्रतिषत हो गयी है तथा आने वाले वर्षों में हम शत् प्रतिशत साक्षरता का दर प्राप्त कर लेंगे।




**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202409092200011**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- हरभजन कौर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हरभजन कौर पति हरजिन्दर सिंह जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पति हरजिन्दर सिंह आ. हाकम सिंह भाटिया का मृत्यु दिनांक 16.09.2012 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़


## दो पीढ़ियों का सपना हुआ साकार, कमार परिवारों की बदलती जिंदगी

# पीएम आवास योजना से सास-बहू को मिला पक्का घर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित वनांचल ग्राम बल्दाकछार की निवासी 76 वर्षीय चंदा बाई कमार और उनके पति मंगल सिंह कमार (80 वर्ष) की जीवन आर्थिक रूप से काफी संघर्षमय रहा. लिहाजा पक्का मकान उनके लिए एक सपने की तरह था लेकिन पीएम जनमन आवास योजना से आज उनका खुद का पक्का मकान हो गया है। वे कहते है कि उनके संघर्ष पूर्ण जीवन का अंत एवं दो पीढ़ियों का सपना आज पीएम जनमन आवास योजना से पूरी हुई है। जिंदगी भर मजदूरी करके जैसे-तैसे अपनी जिंदगी का गुज़ारा करने वाले इस दंपति के पास इतने साधन नहीं थे कि वे खुद का पक्का मकान बना सकें। बरसों से झोपड़ी में रहते हुए उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन एक सपना हमेशा उनके दिल में जिंदा था-अपने पक्के मकान का सपना। हालांकि वक्त ने एक नया मोड़ तब लिया जब पीएम जनमन आवास योजना के तहत उन्हें अपना पक्का मकान बनाने का मौका मिला। चंदा बाई और उनके पति के लिए यह




योजना किसी वरदान से कम नहीं थी। अब वे एक सुरक्षित और पक्के घर में रहने का सपना पूरा होते देख पा रहे हैं। चंदा बाई कहती हैं-हमने कभी सोचा भी नहीं था कि इस उम्र में हम अपना खुद का मकान देख सकेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हमारा सपना सच कर दिखाया है।

**बहु का परिवार भी हुआ लाभांवितः** चंदा बाई कमार की बहु बुधार बाई कमार ने दो साल पहले किशुन लाल से शादी की थी। हालांकि कुछ समय बाद वे अलग होकर अपने परिवार के साथ रहने लगीं। बुधार बाई और उनके पति बांस से झाड़ू, टुकना, सूपा आदि बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। उनके दो बच्चे हैं बेटी बबली जो कक्षा 7वीं में पढ़ रही है और बेटा शिवम जो अभी सिर्फ एक साल का है। बुधार बाई का परिवार भी पीएम जनमन आवास योजना से लाभांवित हुआ है। इस योजना के तहत उन्हें भी पक्का मकान मिला। जिससे उनका जीवन अब और अधिक खुशहाल हो गया। अब बुधार बाई अपने परिवार के साथ एक सुरक्षित और सुंदर घर में रहती हैं। वह कहती हैं इस योजना ने हमें न सिर्फ छत दी बल्कि हमारे जीवन में स्थिरता और सम्मान भी दिया।

**दो पीढ़ियों का सपना हुआ पूराः** चंदा बाई और बुधार बाई, दोनों की कहानी यह साबित करती है कि पीएम जनमन आवास योजना ने केवल मकान ही नहीं बल्कि उनके जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान भी लाया है। सास और बहु दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सपनों को हकीकत में बदलने में यह योजना मील का पत्थर साबित हुई है।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र. 48/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड, रायपुर दिनांक 28.08.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का नाम | ठेके की राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु रायपुर शहर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत शासकीय परिसर पुराना पंचशील नगर में साधारण/विशेष मरम्मत कार्य एवं अन्य कार्य। | 4.93 |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु रायपुर शहर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय परिसर नया पंचशील नगर एवं आकाशवाणी पी.एच.ई.कालोनी रायपुर में साधारण/विशेष मरम्मत कार्य एवं अन्य कार्य। | 5.00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.09.2024 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**रायपुर छत्तीसगढ़**

जी- 242502327/3

